SpellIndia
INDIA's No. 1
SPELLING BEE
Preparatory Study Material Provider
www.phonicsestore.com

ICSE ACADEMY
www.spellbeeacademy.com

Pati's

# PREPARE

for

# ICSE

Class 10

# HINDI

Questions ONLY

**A Collection of Questions from Prelim exam papers of various ICSE schools**




## How to Prepare for ICSE Class 10 exams : Free Resources

Please click on subject to proceed further.


We will keep adding resources here till "March 2026".


So, save this link, keep visiting and stay updated.


( Resources include : Syllabus, Past Year Papers, Specimen Papers, Competency based Questions, Books pdf downloadable, 350+ Term Papers / Prelim Papers of various schools - across subjects, etc. )


01 English Literature
02 English Language
03 Geography
04 History & Civics
05 Physics
06 Chemistry
07 Mathematics
08 Biology
09 Computer Applications
10 Physical Education
11 Hindi
12 Commercial Studies
13 Economics
14 Technical Drawing
15 Environmental Science
16 Home Science
17 Gujarati
18 Marathi
19 French

**SCAN QR code to buy the book at amazon NOW.**

















**Scan QR code** for Free Access to
500+ Prelim Papers across 20 subjects


















ICSE ACADEMY

# Set 3a : Question Papers

(in this flipbook)

1. AVM Group, Mumbai
2. Shriram Milennium School, NOIDA
3. Vissanji, Mumbai
4. Bhaktivedanta Mission, Mumbai
5. CNM, Mumbai
6. Hiranandani Foundation, Powai
7. Christ Church, Mumbai
8. Karnataka ICSE Schools Association
9. Bombay Scottish, Powai, Mumbai
10. Cathedral & John Connon, Mumbai

2025-2026 - Prelim 2

ICSE ACADEMY

# Set 3b : Question Papers

(Not in this flipbook, but in the flipbook for 3b)

11. Don Bosco, Kolkata
12. Queen Mary, Kolkata
13. Shishuvan, Mumbai
14. Lalitabai Podar, Mumbai
15. Rajkumar College, Raipur, Chattisgarh
16. St Peter's, Mumbai
17. Karnataka ICSE Schools Association

2025-2026 - Prelim 2

# QUESTION PAPER 1

आर्य विद्या मंदिर विद्यालय - समूह
प्रारंभिक पुनरावलोकन - 2026

कक्षा :दसवीं
विषय:हिन्दी
दिनांक:6/1/26

अंक: 80
समय :3 घंटे

-: Note :-

Answers must be written on the paper provided separately.
You will not be allowed to write during the first 15 minutes.
This time is to be spent in reading the question paper.
The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.
The paper comprises TWO SECTIONS. Section A and Section B.
Attempt all the questions from Section A.
Attempt any four questions from Section B, answering at least one question each from the two books you have studied and any two other questions.
The intended marks for questions or parts of the questions are given in brackets ( )

Section -A
भाग -अ (40 Marks)
(Attempt all questions)

**Question 1.**
**Write a short composition in Hindi in approximately 250 words on any one of the following topics given below :**
**प्रश्न -1 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में एक संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए।** **[15]**

i) "वृद्धजन अनुभव का खजाना होते हैं। उनकी सेवा और सम्मान से ही एक संवेदनशील समाज का निर्माण होता है।" इस कथन को ध्यान में रखते हुए वृद्धजनों की सेवा व जीवन में उनके महत्त्व को बताते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

ii) "देश के प्रति कर्तव्यों का पालन करना ही सच्ची देशभक्ति है।" इस कथन को ध्यान में रखते हुए देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा और जिम्मेदारियों का महत्त्व बताते हुए एक निबंध लिखिए।

iii) "त्योहार पीढ़ियों के अनुभव को जोड़ते हुए समाज में पहचान और गर्व की भावना पैदा करते हैं।" इस कथन को ध्यान में रखते हुए "त्योहारों का महत्त्व, संस्कृति, और उससे प्राप्त शिक्षा " इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

iv)"मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक छोटी-सी मदद किसी की दुनिया बदल सकती है।" इस वाक्य से *आरम्भ अथवा अंत* करते हुए एक मौलिक कहानी लिखिए।

v) निम्नांकित चित्र को ध्यान से देखिए और उससे संबंधित जो भी विचार आपके मन में आते हैं उन्हें कहानी या लेख के रूप में लिखिए।

Pati's ICSE ACADEMY



**Question 2.**

**Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the following topics given below:** [7]

**प्रश्न 2- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।**

i) यातायात पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर सड़कों पर तीव्र (फास्ट) वाहन चालकों के लिए कड़ी कार्यवाई करने का अनुरोध कीजिए।

अथवा

ii) आपने किसी प्रसिद्ध संगीत कार्यक्रम या नाटक में भाग लिया। अपने मित्र को उस अनुभव के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए ।

**Question 3.**

**Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible :**

**प्रश्न 3- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए । उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।**

हकीम लुकमान का जीवन करुणा, सदाचार और ज्ञान की रोशनी से भरा हुआ था। वे अपने समय के महान विद्वान, चिकित्सक और विचारक थे।उनकी विनम्रता, सेवा-भाव और आध्यात्मिकता ने उन्हें संसार में एक अनुकरणीय स्थान दिया था। वे मानते थे कि मनुष्य का वास्तविक धन उसके कर्म, चरित्र और विचार हैं, न कि उसकी सांसारिक संपत्ति। इसलिए उन्होंने अपनी पूरी ज़िंदगी जरूरतमंदों की सेवा में, रोगियों के उपचार में और समाज को सही मार्ग दिखाने में समर्पित कर दी।

Pati's
ICSE ACADEMY

जब उनका अंतिम समय समीप आया, तो वातावरण में एक गहरी शांति और गंभीरता थी। उन्होंने अपने पुत्र को पास बुलाया। उनका स्वर कमज़ोर था, पर उसमें एक अटूट दृढ़ता थी।उन्होंने कहा, "देखो बेटा, मैंने अपना पूरा जीवन लोगों को ज्ञान देने और सही मार्ग दिखाने में गुज़ार दिया। आज जब मेरा समय थोड़ा सा ही शेष रह गया है, मैं चाहता हूँ कि तुम्हें कुछ जीवन की सबसे जरूरी बातें बता जाऊँ—वो बातें जो किसी पुस्तक में नहीं मिलतीं, बल्कि अनुभव और समय सिखाता है।" इतना कहकर उन्होंने अपने पुत्र से कहा कि वह एक कोयला और चंदन की लकड़ी लेकर आए।

पहले तो पुत्र को यह अनुरोध अजीब लगा। उसने सोचा, "ऐसे समय में पिता इन वस्तुओं की माँग क्यों कर रहे हैं?" लेकिन वह पिता की आज्ञा को समझते हुए रसोई में गया, वहाँ से कोयले का एक छोटा टुकड़ा उठाया और संयोग से घर में रखी चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों वस्तुएँ लेकर अपने पिता के पास लौट आया।लुकमान ने धीमे स्वर में कहा, "अब इन दोनों वस्तुओं को ज़मीन पर फेंक दो।" पुत्र ने आदेश का पालन किया। जैसे ही उसने ऐसा किया, वह हाथ धोने के लिए मुड़ने लगा, लेकिन हकीम लुकमान ने उसे रोकते हुए कहा, "एक क्षण रुको बेटा, पहले अपने हाथ तो दिखाओ।" पुत्र ने हाथ आगे बढ़ाया । लुकमान ने उसका वह हाथ पकड़ लिया जो कोयले को छूने से काला हो चुका था। फिर उन्होंने बारीकी से उसे समझाते हुए कहा— "बेटा, ध्यान से देखो। कोयला हाथ में लेते समय काला कर देता है। उसे छोड़ देने के बाद भी उसकी कालिमा हाथ पर रह जाती है। ठीक इसी प्रकार बुरे लोगों की संगति होती है। उनके साथ रहने से मनुष्य दुख, बुराइयों और गलत आदतों में पड़ जाता है, और यदि उनसे संबंध टूट भी जाए— तो भी बदनामी और बुरी आदतों का दाग जीवन भर साथ रहता है।"

इसके बाद उन्होंने चंदन की लकड़ी उठाई और कहा—"अब इस चंदन को देखो। इसे हाथ में पकड़ो, तो यह तुम्हें सुगंध देता है। और यदि दूर भी हो जाये तो भी इसकी महक बनी रहती है। वे आगे बोले—"सज्जनों की संगति इसी चंदन की तरह होती है। उनके साथ रहने से व्यक्ति के विचार सुगंधित हो जाते हैं। चरित्र में शिष्टता आती है, जीवन में ज्ञान, विनम्रता, और सद्गुणों की वर्षा होती है।" इसलिए बेटा,जीवन में मित्र हमेशा सोच-समझकर बनाना। अच्छे लोगों के साथ रहोगे तो तुम भी श्रेष्ठ बनोगे, और दुष्टों के संग रहोगे तो तुम्हारा स्वभाव भी वैसा ही हो जाएगा। इस शिक्षा के साथ, लुकमान ने अपने पुत्र को केवल ज्ञान नहीं दिया— बल्कि जीवन के सही मार्ग की दिशा भी दिखा दी।

प्रश्न 1:हकीम लुकमान कौन थे और वे किसलिए प्रसिद्ध थे? [2]
प्रश्न 2: लुकमान के अनुसार मनुष्य का वास्तविक धन क्या है? [2]
प्रश्न 3: पुत्र को पिता का आदेश अजीब क्यों लगा ? [2]
प्रश्न 4: कोयले और चंदन को पकड़ने पर पुत्र ने क्या अनुभव किया ? [2]
प्रश्न 5: उपर्युक्त गद्यांश से मिलने वाली सीख अपने शब्दों में लिखिए। [2]

Pati's ICSE ACADEMY

Question 4.

Answer the following according to the instructions given : [8]

प्रश्न 4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

1 - 'पुरुष ' शब्द का विशेषण रूप लिखिए — ।

a) प्रस्ताव

b) पुरुषत्व

c) पुरुषार्थी

d) पोषण

2 - 'शयन ' शब्द का विलोम शब्द बताइए -

a) जागरण

b) जागरूक

c) जागृति

d) जंगम

3 - 'पर्वत ' के लिए सटीक पर्यायवाची शब्द- युग्म चुनिए - ।

a) शैल , गण

b) अचल , नग

c) गिरि , मकर

d) मधुर , तड़ाग

4 - 'साधु ' शब्द का स्त्रीलिंग बताइए — ।

a) साधुत्व

b) साध्य

c) साधना

d) साध्वी

5 - "जब बहुत भूख लगी हो" वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए -

a) बहुश्रुत

b) बहुज्ञ

c) बुभुक्षा

d) बहुचर्चित

6 - 'सेवक ' संज्ञा शब्द का भाववाचक रूप लिखिए — ।

a) सेविका

b) सेवाभाव

c) सेवामय

d) सेवा

Pati's ICSE ACADEMY

7 -"उसे फल खरीदने थे इसलिए वह बाज़ार गया।" इस वाक्य का सरल वाक्य पहचानिए।

a)वह फल ख़रीदने के लिए बाज़ार गया।
b) वह बाज़ार गया और उसने फल ख़रीदे।
c) जैसे ही वह बाज़ार गया वैसे ही उसने फल ख़रीदे।
d) वह फल ख़रीदने के लिए बाज़ार जाएगा।

8 - "बच्चों के शोर-शराबे से ऐसा लग रहा था मानों उन्होंने ____________" ( रिक्त स्थान के लिए उचित मुहावरे का प्रयोग कीजिए।)

a) डंका बजा दिया हो।
b) आसमान सिर पर उठा लिया हो।
c) चाँद पर थूक दिया हो।
d) दिन - रात एक कर दिया हो।

Section - B

भाग - "ब" (40 Marks)

साहित्य सागर

(Sahitya Sagar -Short Stories)

**Question- 5 )**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follows :**

**प्रश्न 5- निम्नलिखित पंक्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**"नहीं सेठ आज आपने भारी यज्ञ किया है | महाराज ! उसे बेचोगे तो हम खरीद लेंगे ,नहीं तो नहीं।"**

i).धनी सेठ को यज्ञ बेचने की आवश्यकता क्यों पड़ी ?स्पष्ट कीजिए | [2]
ii). धन्ना सेठ की पत्नी के अनुसार सेठ द्वारा किया गया यज्ञ महायज्ञ क्यों था ? [2]
iii) सेठजी को महायज्ञ का पुरस्कार क्या और किस प्रकार मिला ?कहानी के आधार पर समझाकर लिखिए | [3]
iv) परोपकार को मानव का श्रेष्ठ धर्म क्यों कहा गया है? अपने उदाहरण देकर उत्तर लिखिए । [3]

**Question- 6)**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follows**

**प्रश्न 6- निम्नलिखित पंक्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**"क्या कहूँ यह भाग्य का फेर है नहीं तो एक गँवार छोकरा जिसको चपरासी गिरी करने का भी शऊर नहीं ,मुझे खड़ाऊँ से मारकर यों अकड़ता |"**

i)उपर्युक्त अवतरण का संदर्भ लिखिए | [2]
ii)वक्ता कौन है ?सम्मिलित कुटुंब के विषय में उसके क्या विचार थे ? [2]
iii))उपर्युक्त अवतरण सुनकर श्रोता ने क्या निर्णय लिया और क्यों ?क्या आप उसके निर्णय से सहमत है? तर्क सहित उत्तर दीजिए | [3]
iv)कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए | [3]

Question- 7 )

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follows

प्रश्न 7- निम्नलिखित पंक्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"मन के विनोद के लिए तुमने अच्छा साधन जुटाया है। कायरों की भांति यहाँ से बोरियाँ बंधना लेकर भागने की तैयारी कर ली है।"

i)वक्ता कौन है ?उसका परिचय लिखिए। [2]
ii)श्रोता कायरों की भाँति क्यों भाग रहा था ? स्पष्ट कीजिए। [2]
iii)श्रोता किन्हें कहाँ घुमाने ले गया था? उन व्यक्तियों के विचारों में उसने क्या अंतर देखा ?कहानी के आधार पर उत्तर लिखिए। [3]
iv)वक्ता ने कहानी के अंत में श्रोता को क्या-क्या निर्देश दिए?समझाकर लिखिए। [3]

एकांकी संचय

(Ekanki Sanchay)

Question- 8)

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follows

प्रश्न 8- निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"ऐसा भी क्या बाप जो अपने बेटे के लिए भी नहीं रोता। उसी बाप के ये बेटे हैं। मुझे सदा इन्होंने माया-ममता में फंसी हुई कहकर कोसा' है। सदा मेरी निंदा की है।"

i.उपर्युक्त पंक्तियों का वक्ता कौन है ? पिता द्वारा बेटे के लिए ना रोने में कौन सी भावना झलक रही है ? (2)
ii. वक्ता के अपने बड़े पुत्र से अलग होने का क्या कारण था? (2)
iii. श्रोता कौन है? उसका चरित्र- चित्रण कीजिए। (3)
iv. वक्ता किन परिस्थितियों में अपने पुराने संस्कारों को छोड़कर नई शुरुआत की ओर आगे बढ़ती है विस्तार से लिखिए। (3)

Question- 9)

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follows

प्रश्न 9- निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मैं किन लोगों में आ गई हूं ?यह कैसे लोग हैं कुछ भी तो समझ नहीं सकी आज कुछ है कल कुछ इनका कुछ भी तो पता नहीं चलता।

i . वक्ता किनके व्यवहार को लेकर असमंजस ( Confusion ) में है और क्यों? (2)
ii. उन लोगों के व्यवहार में आए अचानक परिवर्तन का क्या कारण है? (2)
iii. एकांकी में आए पात्रों में से सबसे ज्यादा आपको किसने प्रभावित किया और क्यों विस्तार से लिखिए? (3)
iv. एकांकी के शीर्षक की सार्थकता लिखिए। (3)

Question- 10)

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follows

**प्रश्न 10- निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

"विफलता के इस मरुस्थल में एक बूँद आएगी भी तो सूखकर खो जाएगी। यदि तुम्हें इसी में संतोष हो कि तुम्हारी महत्वाकांक्षा मेरी मृत देह पर ही अपना - अपना जयस्तंभ उठाए तो फिर यही सही।"

i. वक्ता कौन है और उपर्युक्त वाक्य उसने किस सन्दर्भ में कहा है ? (2)

ii. अर्जुन के पुत्र का क्या नाम था ? उसकी हत्या किस प्रकार की गयी थी (2)

iii. गदा युद्ध किन लोगों के बीच हुआ और उस युद्ध का क्या परिणाम हुआ ? (3)

iv. वक्ता के अनुसार पांडवों ने वनवास के समय कौन - कौन से कार्य अपने हित के लिए किये ? विस्तार से बताइये | (3)

---

# QUESTION PAPER 2

श्रीराम मिलेनियम स्कूल, नौएडा
बोर्ड पूर्व परीक्षा
विषय: हिंदी
कक्षा: X

समयः 3 घण्टा
पूर्णांक: 80 अंक

- *Answers must be written on the paper provided separately.*
- *You will NOT be allowed to write during the first 15 minutes.*
- *This time is to be spent in reading the question paper.*
- *The time given at the head of the paper is the time allowed for writing the answers.*
- *The question paper contains TEN printed sides.*
- *This paper comprises of two sections– Section A and Section B.*
- *Attempt all the questions from Section A.*
- *Attempt any four questions from Section B, at least one question each from the two books you have studied and any two other questions.*
- *The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*
- *Number all questions correctly and write neatly.*
- *Check your answers after you have finished writing.*

## *Section-A (40 Marks)*
*(Attempt all Questions)*

**प्रश्न 1**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following Topics:** **[15]**

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिएः-**

Pati's
ICSE ACADEMY

(i) आज विज्ञान ने बहुत प्रगति कर ली है। आज के युग में व्यक्ति को रूढ़िवादी दृष्टिकोण को हटाकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। अपने विचार लेख रूप में प्रस्तुत कीजिए।

(ii) युद्ध के सामाजिक, आर्थिक और मानवीय प्रभावों को ध्यान में रखते हुए इसके पक्ष और विपक्ष में कौन से तर्क दिए जा सकते हैं और इनसे बचने के लिए कौन-कौन से क़दम उठाए जाने चाहिए, एक लेख के रूप में लिखिए।

(iii) 'सभी प्राणियों को जीने का अधिकार है।' - इस सिद्धांत के आधार पर पशुओं पर हो रहे अत्याचारों और उनके कल्याण के लिए कौन-से क़ानूनी प्रावधान और सामाजिक कर्त्तव्य प्रभावी रूप के लागू किए जाने चाहिए? निबंध लिखिए।

(iv) वर्तमान समय में जहाँ एक ओर कंप्यूटर और इंटरनेट मनोरंजन के साथ-साथ हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करने का महत्वपूर्ण साधन भी बन गए हैं। वहीं दूसरी ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) भी एक समस्या और ख़तरे के रूप ले रही है। जीवन में इनसे मिलने वाली हानियों और लाभ की चर्चा करते हुए एक लेख लिखिए।

(v) किसी भी व्यक्ति के जीवन में लक्ष्य या उद्देश्य का अभाव उसकी प्रगति को अवरुद्ध क्यों कर देता है? जीवन में तरक्की और संतुलन बनाए रखने के लिए, अपने जीवन के लक्ष्य का निर्धारित करना क्यों आवश्यक है? विश्लेषणात्मक निबंध लिखिए।

(vi) "सत्यमेव जयते"- इस सुवाक्य के अर्थ की व्याख्या करते हुए, इसके पक्ष या विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(vii) आज जहाँ एक ओर मीडिया की वजह से हम आप-पास की चीज़ों से परिचित होते हैं तो वहीं दूसरी ओर मीडिया की लापरवाही और ख़बरों के बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की आदत से परेशान भी होते हैं। इन मुद्दों के आधार पर वर्तमान समय में प्रेस और मीडिया की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(viii) "शिक्षा के साथ-साथ शिष्टाचार नहीं तो शिक्षा अर्थहीन हो जाती है।" - इस कथन से आरंभ करते हुए, एक कहानी मौलिक लिखिए।

(ix) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए। वर्णन का सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए।

Pati's
ICSE ACADEMY



साभार: गूगल

**प्रश्न 2**

**Write a letter in Hindi approximately 120 words on any of the given below: [7]**

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:-**

(i) छात्रवृति पर उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले अपने घनिष्ठ मित्र को, उसकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए उसके सफल जीवन की कामना करते हुए एक पत्र लिखिए।

(ii) आपके शहर में 'स्मार्ट सिटी योजना' के अंतर्गत सड़कों पर जो कार्य चल रहा है। उसके कारण सड़कें जगह-जगह से टूट-फूट गईं हैं और ऊँची-नीची हो गईं हैं, जिससे दोपहिया वाहनों व पैदल चलने वालों को अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करने के लिए किसी दैनिक समाचारपत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न 3**

**Read the passage given below and answer the question in Hindi that follows. Use your own words as far as possible:**

Pati's
ICSE ACADEMY

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके शब्दों में होना चाहिए:-

मेरे मन में सुदामा के संबंध में एक बड़ी शंका थी कि एक विद्वान ब्राह्मण अपने बाल सखा कृष्ण से छुपाकर चने कैसे खा सकता है? भागवत पर चर्चा करते हुए एक पंडित जी ने मेरी इस शंका का निराकरण किया। गुरुदेव ने बताया कि सुदामा की दरिद्रता और चने की चोरी के पीछे एक बहुत ही रोचक और त्यागपूर्ण कथा है।

एक अत्यंत गरीब निर्धन बुढ़िया, भिक्षा माँगकर अपना जीवन बिताती थी। एक बार कई दिनों तक उसे भिक्षा नहीं मिली, तत्पश्चात जब एक दिन उसे दो मुट्ठी चने मिले तब बुढ़िया ने सोचा कि ये चने मैं रात में नहीं प्रातः काल वासुदेव को भोग लगाकर खाऊँगी।

यह सोचकर उसने चने कपड़े में बाँधकर रख दिए और बड़े संतोष से सो गई। बुढ़िया के सोने के कुछ देर बाद दो चोर चोरी करने के लिए, उसकी कुटिया में घुस गए। चने की पोटली देखकर चोरों ने समझा कि इसमें सोने के सिक्के हैं और उसे उठाकर भाग गए। चोरों की आहट से बुढ़िया जाग गई और शोर मचाने लगी। शोर-शराबा सुनकर गाँव के सारे लोग चोरों को पकड़ने के लिए दौड़े। अपने प्राण बचाने के लिए चोर जी-जान लगाकर वहाँ से भाग निकले। गाँववालों से बचने के लिए चोर पास ही स्थित संदीपन मुनि के आश्रम में छिप गए। इसी आश्रम में श्री कृष्ण और सुदामा भी शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। चोरों की आहट से संदीपन मुनि की पत्नी को लगा कि कोई आश्रम के अंदर आया है और उन्होंने आवाज़ दी कि कौन है? गुरु माता को अपनी ओर आता देखकर चोर चनों की पोटली छोड़कर भाग निकले।

दूसरी ओर प्रातःकाल जब बुढ़िया की नींद खुली, तब वह चनों की चोरी से अत्यंत दुखी हो गई। उसने बड़े दुखी मन से चोरों को श्राप दिया कि जो भी मुझ दीन दुखी के चने खाएगा, वह दरिद्र हो जाएगा।

संदीपन मुनि के आश्रम में प्रातःकाल जब गुरु माता की आँख खुली, तब झाड़ू लगाते समय उन्हें चोरों द्वारा छोड़ी गई वहीं चनों की पोटली दिखाई दी। खोलकर देखने पर गुरु माता का मन प्रसन्न हो गया और उन्होंने सोचा कि श्री कृष्ण और सुदामा जब जंगल में लकड़ी लेने के लिए जाएँगे, तो मैं उन्हें यह चने दिन में खाने के लिए दे दूँगी। गुरु माता ने सुदामा को समझदार जानकर चने की पोटली देते हुए कहा, "बेटा जब भूख लगे तब तुम दोनों यह चने बाँटकर खा लेना।" सुदामा जन्मजात ब्रह्मज्ञानी थे। उन्होंने

Pati's
ICSE ACADEMY

जैसे ही चनों की पोटली हाथ में ली, वे सारा रहस्य जान गए। बात समझ में आते ही सुदामा ने सोचा कि गुरु माता ने कहा है कि ये चने दोनों लोग बराबर बाँटकर खाना किंतु यदि मैं ये चने श्री कृष्ण को भी खाने के लिए दूँगा, तो श्रीकृष्ण के साथ-साथ तीनों लोक भी दरिद्र हो जाएँगे। सुदामा ने सोचा कि अपने जीवित रहते मैं अपने मित्र प्रभु श्रीकृष्ण को दरिद्र नहीं होने दूँगा, इसलिए वे चने उन्होंने श्रीकृष्ण से छुपकर खा लिए। शापित चने खाकर सुदामा ने स्वयं के जीवन के लिए दरिद्रता स्वीकार कर ली, लेकिन अपने प्रिय मित्र श्रीकृष्ण को अभिशाप से बचा लिया।

(i) सुदामा के संबंध में क्या शंका थी ? उसका निवारण किसने किया ? [2]

(ii) बुढ़िया के घर में पोटली देखकर चोरों ने क्या सोचा? चोरों को घर में आया देखकर बुढ़िया की क्या प्रतिक्रिया हुई? [2]

(iii) सुदामा को चने की पोटली किसने और क्या कहकर दी? [2]

(iv) आपको सुदामा की दरिद्रता का क्या कारण समझ में आया? [2]

(v) प्रस्तुत गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिलती है? [2]

**प्रश्न 4**

**Answer the following according to the instructions given:**

**निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :**

(i) 'स्त्री' का विशेषण होगा :- [1]

(A) स्त्री (C) स्त्रीय

(B) स्त्रैण (D) इस्तरीय

(ii) 'अंधकार' का पर्यायवाची बताइए :- [1]

(A) पंक (B)आतंक (C) तिमिर (D) घन

(iii) 'एकाग्र' का विलोम बताइए - [1]

(i) अस्थिर (iii) विचल

(ii) चंचल (iv) अनिश्चित

(iv) 'घाट-घाट का पानी पीना' मुहावरे का अर्थ है :- [1]

(A) बहुत अनुभवी होना
(B) बहुत यात्रा करना
(C) अधिक लोगों से मित्रता करना
(D) रोजगार के नये नये अवसर

(v) 'वीर' शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द होगा: - [1]

(A) वीरता
(B) वीरांगना
(C) वीरत्व
(D) वीरत्व

(vi) जिसकी पहले से कोई आशा न हो' के लिए एक शब्द है- [1]

(A) आशातीत
(B) प्रत्याशित
(C) अप्रत्याशित
(D) आशाजनक

(vii) निम्नलिखित में से अशुद्ध शब्द है:- [1]

(A) स्वास्थ्य
(B) ध्यातव्य
(C) महात्म्य
(D) उपलक्ष्य

(viii) 'परीक्षाएँ समाप्त हुई और हम आगरा चले गए।' वाक्य का मिश्र रूप है- [1]

(A) क्योंकि परीक्षाएँ समाप्त हो गई थी इसलिए हम आगरा जाएँगे।
(B) परीक्षाएँ समाप्त हुई नहीं कि हम आगरा गए।
(C) परीक्षाएँ समाप्त होते ही हम आगरा गए।
(D) जैसे ही परीक्षाएं समाप्त हुई, हम आगरा आ गए।

Pati's
ICSE ACADEMY

## Section-B (40 Marks)

- *Attempt four questions from this section.*
- *You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions.*

## साहित्य सागर (पद्य भाग)

**प्रश्न 5**

**Read the extracts given below and answer the questions that follow:**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

"गुन के गाहक सहस नर बिन गुन लहै न कोय।
जैसे कागा कोकिला, शब्द सुनै सब कोय।।
शब्द सुनै सब कोय, कोकिला सबै सुहावन।
दोऊ को एक रंग, काग सब भये अपावन।
कह 'गिरिधर कविराय', सुनो हो ठाकुर मन के।।
बिनु गुन लहै न कोय, सहस नर गाहक गुन के।।"

[कुंडलियाँ- गिरिधर कविराय]
[Kundalini-Giridhar Kaviray]

(i) कवि के अनुसार इस संसार में किसकी सच्ची कद्र होती है और किसकी नहीं? [2]

(ii) कवि ने अपनी बात सिद्ध करने के लिए किस-किस का उदाहरण दिया है? [2]

(iii) उपर्युक्त कुंडलियों में 'सुनो हो ठाकुर मन के' से कवि का क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) प्रस्तुत पद्यांश के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं? विस्तृत उत्तर लिखिए। [3]

**प्रश्न 6**

**Read the extracts given below and answer the questions that follow:**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

Pati's
ICSE ACADEMY

"चाट रहे जूठी पत्तल वे कभी सड़क पर खड़े हुए,
और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए।
ठहरो, अहो मेरे ह्रदय में है अमृत, मैं सींच दूँगा।
अभिमन्यु जैसे हो सकोगे तुम,
तुम्हारे दुःख मैं अपने ह्रदय में खींच लूँगा।"

['भिक्षुक' - सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला']
[Bhikshuk- Suryakant Tripathi 'Nirala']

(i) कवि ने किन लोगों की दुर्दशा का चित्रण किया है? संक्षेप में लिखिए। [2]

(ii) "कुत्ते भी हैं अड़े हुए" पंक्ति से कवि क्या संकेत देना चाहता है? [2]

(iii) "मेरे ह्रदय में है अमृत, मैं सींच दूँगा" – इस पंक्ति का भावार्थ लिखिए। [3]

(iv) कवि "अभिमन्यु जैसे हो सकोगे तुम" कहकर युवाओं को क्या संदेश देना चाहता है? स्पष्ट कीजिए। [3]

प्रश्न 7

**Read the extracts given below and answer the questions that follow:**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

"जन्में जहाँ थे रघुपति, जन्मी जहाँ थीं सीता,
श्रीकृष्ण ने सुनाई, वंशी पुनीत गीता,
गौतम ने जन्म लेकर, जिसका सुयश बढ़ाया।
वह युद्धभूमि मेरी, वह बुद्धभूमि मेरी,
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी!"

[वह जन्मभूमि मेरी - सोहनलाल द्विवेदी]
[Vah Janmabhoomi Meri- Sohallal Dwivedi]

(i) रघुपति और सीता कौन हैं ? उनका जन्म कौन से युग में हुआ था? [2]

(ii) भगवद् और भागवत में क्या अंतर है? गीता का सार लिखिए। [2]

(iii) 'जग को दया दिखाई, जग को दिया दिखाया।' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। [3]

Pati's
ICSE ACADEMY

(iv) कवि ने भारतभूमि की 'युद्धभूमि' और 'बुद्धभूमि' क्यों कहा है? स्पष्ट कीजिए। [3]

## साहित्य सागर (संक्षिप्त कहानियाँ)

**प्रश्न 8**

**Read the extracts given below and answer the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

"सेठ बड़े आश्चर्य में पड़े - महायज्ञ! और आज! वे समझे कि उनका मज़ाक़ उड़ाया जा रहा है। विनम्र भाव से बोले, "आप आज की कहती हैं, मैंने तो बरसों से कोई यज्ञ नहीं किया। मेरी स्थिति ही ऐसी नहीं थी।"

[महायज्ञ का पुरस्कार - यशपाल]

[Mahayagya Ka Puraskaar]

(i) वक्ता कौन है? उनके आश्चर्य का क्या कारण था? [2]

(ii) वक्ता श्रोता के पास किसके सुझाव पर और क्यों आए थे? [2]

(iii) श्रोता का परिचय देते हुए बताइए कि क्या वक्ता वहाँ आकर अपने उद्देश्य में सफल हो पाए? कारण सहित स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) श्रोता के अनुसार महायज्ञ किसे माना गया और क्यों? इसका वक्ता को क्या पुरस्कार मिला? [3]

**प्रश्न 9**

**Read the extracts given below and answer the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

"तभी कायरों की तरह यहाँ से बोरिया-बिस्तर लेकर भागने की तैयारी कर ली है।"

[संदेह - जयशंकर प्रसाद]

[Sandeh- Jayshankar Prasaad]

(i) 'कायर' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है? परिचय दीजिए। [2]

(ii) श्रोता वहाँ से क्यों जा रहा है? कहानी के आधार पर बताइए। [2]

(iii) वक्ता कौन है? उसकी चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। [3]

(iv) वक्ता ने उसे क्या समझाया? उसके समझाने का श्रोता पर क्या प्रभाव पड़ा? विस्तार से बताइए। [3]

Pati's
ICSE ACADEMY

प्रश्न 10

Read the extracts given below and answer the questions that follow:
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

'यह एक भेड़िये की कथा नहीं है, सब भेड़ियों की कथा है।

[भेड़ें और भेड़िये - हरिशंकर परसाईं]
[Bheden Aur Bhediye- Harishankar Parsaaeen]

(i) प्रस्तुत पंक्ति का प्रसंग स्पष्ट कीजिए। [2]
(ii) प्रस्तुत पंक्ति में भेड़िये किसके प्रतीक हैं? विस्तृत उत्तर लिखिए। [2]
(iii) भेड़ें और भेड़िए किस प्रकार की कहानी है? कहानी का उद्देश्य लिखिए। [3]
(iv) यदि भेड़िया अन्याय का प्रतीक हैं, तो आज के समाज में 'भेड़' कौन हो सकती हैं? इस कथन को वर्तमान जीवन से जोड़कर समझाइए। [3]

Pati's
ICSE ACADEMY

# QUESTION PAPER 3

**L. R. & S. M. VISSANJI ACADEMY**
**Secondary Section 2025-26**
**Second Preliminary Examination**
**Subject: Hindi**

**Marks: 80**
**Time: 3 Hrs.**

**Std: 10**
**Date: 12/1/2026**

**INSTRUCTIONS:**

- *Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.*
- *You will **not** be allowed to write during the first **15** minutes.*
- *This time is to be spent in reading the question paper.*
- *The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.*
- *This paper has 7 printed sides.*

---

- **Section A** is compulsory – **All** questions in **Section A** must be answered.
- Attempt any **four** questions from **Section B**, answering at least **one** question each from the **two books** you have studied and any **two** questions from the same books you have studied.
- The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [].

---

## SECTION-A (40 Marks)
### (Attempt all questions from this Section.)

**Question 1**

Write a short composition in Hindi of approximately **250 words** on **any one** of the following topics:- [15]

निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर हिन्दी में लगभग **250 शब्दों** में संक्षिप्त लेख लिखिए:-

(i) अनुशासन राष्ट्र की उन्नति का मूल आधार है। अनुशासन के अभाव में कोई भी देश पतन के गर्त में गिर जाता है। अनुशासन का अर्थ, प्रकार व महत्व एवं अनुशासनहीनता के कारणों एवं दुष्परिणाम की चर्चा करते हुए प्रस्ताव लिखिए।

(ii) विज्ञान ने जहाँ अनेक सुख-सुविधाएँ प्रदान की हैं वहाँ अनेक समस्याओं को भी जन्म दिया है जिनमें एक है पर्यावरण प्रदूषण। प्रदूषण से संबंधित सभी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए प्रस्ताव लिखिए।

(iii) 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' पंक्ति से आरंभ करते हुए अपने जीवन से संबंधित एक मौलिक कहानी लिखिए।

(iv) भारत के महानगरों में जहाँ एक ओर अनेक प्रकार की सुख-सुविधाएँ विद्यमान है वहीं अनेक प्रकार की और असुविधाएँ और समस्याएँ भी हैं। महानगरों के जीवन से जुड़े सभी बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए प्रस्ताव लिखिए।

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा वह स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।



**Question 2**

Write a letter in Hindi in approximately **<u>120 words</u>** on **<u>any one</u>** of the topics given below:- [7]

निम्नलिखित में से किसी **<u>एक विषय</u>** पर हिन्दी में लगभग **<u>120 शब्दों</u>** में पत्र लिखिए:

(i) विद्यालय की ओर से आपको दिल्ली भ्रमण पर ले जाया गया। रास्ते में सड़क पर भीख माँगते, ढाबे पर काम करते और चौराहों पर सामान बेचते छोटे बच्चों को देखकर कैसा लगा, अपने पुराने मित्र को पत्र लिखकर बताइए।

(ii) अपने शहर या क्षेत्र की सड़कों को चौड़ा करवाने की आवश्यकता पर बल देते हुए नगर निगम विभाग को पत्र लिखिए।

**Question 3**

Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible:

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए:-

एक सन्त अपने शिष्यों के साथ यात्रा पर निकले। उनकी यात्रा का उद्देश्य था लोगों में आत्मविश्वास जगाना और भेदभाव भुलाकर परस्पर भाईचारा पैदा करना। वे चाहते थे कि श्रम करने वाले हर आदमी के पास भूमि हो। हर गाँव में लोग मिल-बाँटकर खाएँ और सुख से रहें।

यात्रा के बाद शाम को वे किसी गाँव में ठहर जाते। भजन-कीर्तन करते, लोगों का सुख-दुःख बाँटते, उन्हें श्रेष्ठ जीवन का मार्ग बताते और सुबह होते ही अगले गाँव के लिए चल पड़ते।

Pati's
ICSE ACADEMY

ऐसी ही एक सुबह थी। सन्त अपने शिष्यों के साथ चले जा रहे थे। रास्ता खेतों के बीच से होकर जाता था। शीतल और सुगन्धित पवन बह रही थी। गेहूँ की फसल पक चुकी थी। पक्षी जाग उठे थे। उनमें दाना चुगने की होड़ लगी हुई थी। मधुर कलरव से सारा वातावरण संगीतमय हो उठा था।

सन्त के एक शिष्य ने दूसरे से कहा, "देख रहे हो इस खेत के मालिक को, घर में चैन की नींद सो रहा होगा। इधर ये पक्षी उसके खेत में प्रीतिभोज का आनन्द ले रहे हैं। जब उठेगा और अपना खेत देखेगा तो आठ-आठ आँसू रोएगा।"

"जिसने इतनी मेहनत करके फसल उगाई है, वह घर में क्यों सो रहा होगा? इस खेत का किसान किसी काम से इधर-उधर ही गया होगा," दूसरे शिष्य ने उत्तर दिया।

"मुझे नहीं लगता कि वह किसी काम से इधर-उधर गया होगा। वह ज़रूर यहीं-कहीं सो रहा होगा," पहले शिष्य ने दूसरे की बात काटते हुए कहा।

सन्त ने उन दोनों की बात सुनी और मुस्कराकर बोले, "आपस में बहस करने से क्या फायदा, थोड़ी देर यहीं रुको, सच्चाई अपने आप सामने आ जाएगी।"

तभी सन्त के कानों में भजन की तान सुनाई पड़ी। वास्तव में खेत की रखवाली करने वाला किसान वहाँ मौजूद था। उसने भी सन्त की यात्रा के बारे में सुन रखा था। आहट पाकर वह बाहर निकला और फिर उसने आदर भाव से सन्त को प्रणाम किया।

सन्त ने किसान से कहा, "ये पक्षी तुम्हारा खेत उजाड़ रहे हैं। तुम इन्हें उड़ाते क्यों नहीं। मेहनत से तुमने फ़सल उगाई है। आखिर हानि-लाभ का कोई हिसाब तो रखना ही चाहिए।"

भोले-भाले किसान ने उत्तर दिया, "सन्त जी, मैं ठहरा अनपढ़ गवार। भला मैं हिसाब-किताब क्या जानूँ? हिसाब-किताब तो बस ऊपर वाला ही जानता है। उसने ही पक्षियों के साथ साथ खेत में गेहूँ भी पैदा किया है। पक्षी अपना हिस्सा ले रहे हैं, मुझे भी अपना हिस्सा अवश्य ही मिल जाएगा। फिर चिन्ता किस बात की।"

किसान के उत्तर को सुनकर सन्त गद्गद् हो गए। रास्ते भर वे यही सोचते रहे कि इस किसान का दृष्टिकोण कितना सुन्दर है। काश! सभी लोग ऐसा ही सोचते।

**प्रश्न:**

(i) सन्त की यात्रा का क्या उद्देश्य था? [2]

(ii) सन्ध्या के समय सन्त का क्या कार्यक्रम रहता था [2]

(iii) सन्त के शिष्यों की बहस का क्या कारण था? [2]

Pati's
ICSE ACADEMY

[2]

(iv) सन्त ने किसान से क्या पूछा? [2]

(v) किसान के उत्तर को सुनकर सन्त ने क्या सोचा?

**Question 4** [8]

Answer the following according to the instructions given below:-

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

**(i) वार्धक्य का विलोम बताइए:**

a) युवत्व  b) युवापन  c) युवक  d) यौवन

**(ii) तटिनी का पर्यायवाची बताइए:**

a) प्रस्तर, पाषाण  b) प्रवाहिनी, तरंगिणी  c) प्रभाकर, पयोधि  d) पीयूष, पावक

**(iii) स्मरण का विशेषण बताइए:**

a) स्मरणीय  b) स्मरणीयता  c) स्मरणिक  d) स्मरणित

**(iv) उलझना की भाववाचक संज्ञा:**

a) उलझाई  b) उलझान  c) उलझन  d) उलाझन

**(v) प्रर्दशनी का शुद्ध रूप बताइए:**

a) प्रदशिनी  b) प्रदर्शिनी  c) प्रदर्सीनी  d) प्रदर्शनी

**(vi) कंचन बरसना मुहावरे का अर्थ बताइए:**

a) समृद्ध होना  b) सिद्धांत न होना  c) क्रोध करना  d) हानि न होने देना

**(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए:**

<u>जीवनभर</u> मैं इसी आचरण का पालन करता आया हूँ। (रेखांकित शब्द के लिए एक शब्द का प्रयोग कीजिए):

a) जीवनपर्यंत मैं इस आचरण का पालन करता आया हूँ।

b) मृत्युपर्यंत मैंने इसी आचरण का पालन किया है।

c) आमरण मैं इस आचरण का पालन करता रहूँगा।

d) आजीवन मैं इसी आचरण का पालन करता आया हूँ।

**(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए:**

मेरा छोटा भाई मेरी बात अवश्य सुनेगा। ('चाहिए' शब्द का प्रयोग कीजिए)

a) मेरे छोटे भाई को चाहिए कि वह मेरी बात सुने।

b) मेरा छोटा भाई को मेरी बात सुनना चाहिए।

Pati's
ICSE ACADEMY

c) मेरे छोटे भाई को मेरी बात अवश्य सुननी चाहिए।

d) मेरे छोटे भाई को चाहिए की वह मेरी बात सुनें।

## SECTION-B (40 Marks)

## साहित्य सागर संक्षिप्त कहानियाँ

## SAHITYA SAGAR : SHORT STORIES

**(Attempt four questions from this Section.)**

**Question 5**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

"भगवान जाने इसमें क्या रहस्य है? किंतु संसार तो दूसरों को मूर्ख बनाने के व्यवसाय पर चल रहा है।"

(संदेह- जयशंकर प्रसाद)

**(i)** वक्ता को किस विशेष बात का पता चला? [2]

**(ii)** "भगवान जाने इसमें क्या रहस्य है?"- वक्ता ने ऐसा क्यों कहा? [2]

**(iii)** वक्ता के हाथ में किसका चित्र था? चित्र को देखकर किसने वक्ता से क्या कहा? [3]

**(iv)** संदेह किस प्रकार संबंधों के लिए घातक है? अपने विचार लिखिए। [3]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

"लेकिन भाई! एक बात अभी भी समझ में नहीं आई।"

(नेताजी का चश्मा- स्वयं प्रकाश)

**(i)** चश्मा चेंज करने के सन्दर्भ में श्रोता ने क्या बताया? [2]

**(ii)** वह कौन सी बात थी जो वक्ता को अब भी समझ में नहीं आई? [2]

**(iii)** श्रोता ने वक्ता की बात का क्या उत्तर दिया? वह उत्तर उसके तथा वक्ता के लिए अलग-अलग किस प्रकार था? [3]

**(iv)** छोटे-छोटे उपायों के माध्यम से भी देश सेवा की जा सकती है। स्पष्ट करें। [3]

**Question 7**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

दशहरे के दिनों में वे बड़े उत्साह से रामलीला में सम्मिलित होते और स्वयं किसी न किसी पात्र का अभिनय करते थे। प्राचीन सभ्यता का गुणगान उनकी प्रकृति का प्रधान अंग था।

(बड़े घर की बेटी- प्रेमचंद)

Pati's
ICSE ACADEMY

(i) किसके विषय मे बात हो रही है? उसका परिचय दीजिए। [2]

(ii) वह किस प्रथा के समर्थक थे? सम्मिलित कुटुंब के विषय में उनके क्या विचार थे? [2]

(iii) आनंदी कौन थी? उसने कैसे नई व पुरानी परिस्थितियों को संभाला था? [3]

(iv) क्या एक स्त्री को केवल अपने कुल या सामाजिक स्थिति के आधार पर ही सम्मान देना चाहिए? [3]

## (एकांकी संचय)
## (Ekanki sanchay)

**Question 8**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

"सोचो, तुम स्वयं पत्नी हो। यद्यपि तुमने मेरी तरह पति का वरण नहीं किया है, फिर भी तुम उन्हें प्यार करती हो..........। मुझे यह बात बुरी लगी।"

(संस्कार और भावना- विष्णु प्रभाकर)

(i) वक्ता के पति के परिवारवालों को किस बात का विरोध था? [2]

(ii) क्या वक्ता के पति की माँ निर्मम थी? जिसके कारण भाई की पत्नी को आना पड़ा, यदि हाँ तो कारण बताओ? [2]

(iii) वक्ता के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। [3]

(iv) एकांकी में विजातीय विवाह की समस्या को किस तरह उठाया गया है? विजातीय विवाह पर अपने विचार प्रकट कीजिए। [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

बड़ा वास्तव में कोई उम्र से या दर्जे से नहीं होता। बड़ा तो बुद्धि से होता है, योग्यता से होता है।

(सूखी डाली- उपेंद्रनाथ 'अश्क')

(i) प्रस्तुत कथन का वक्ता कौन है? यह वाक्य किसके लिए कहा गया है और क्यों? [2]

(ii) वक्ता ने किसके विषय में यह वाक्य कहा है? उसका वक्ता से क्या संबंध है? उसके चरित्र की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। [2]

(iii) उपरोक्त कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) सूखी डाली एकांकी का संदेश स्पष्ट कीजिए। [3]

Pati's
ICSE ACADEMY

**Question 10**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

"पहाड़ बनने से क्या होगा? राजमहल पर बोझ बन जाओगी बोझ! और नदी बनो तो तुम्हारा बहता बोझ पत्थर भी अपने सिर पर धारण करेंगे, पत्थर भी। आनंद और मंगल तुम्हारे किनारे होंगे, जीवन का प्रवाह होगा, उमंगों की लहरें होगी तो उठने में गीत गाएँगी, गिरने में नाच।"

(दीपदान - डॉ. रामकुमार वर्मा)

(i) उपर्युक्त पंक्तियों द्वारा वक्ता श्रोता को क्या करने की सलाह देती है? [2]

(ii) वक्ता के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए? [2]

(iii) बनवीर द्वारा आयोजित दीपदान उत्सव के संबंध में श्रोता ने वक्ता से क्या कहा? [3]

(iv) श्रोता ने उदयसिंह को उत्सव में भेजने से क्यों मना कर दिया? [3]

# QUESTION PAPER 4

## BHAKTIVEDANTA SWAMI MISSION SCHOOL

**PRELIMINARY EXAMINATION [2025 – 2026]**

**HINDI**

**Date: 08/01/2026**

**Std: X**

**Marks: 80**

**Time: 3 hrs**

*Answers to this paper must be written on the paper provided separately.*

*You will not be allowed to write during the first* ***15 minutes****.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

*The time given at the head of the paper is the time allowed for writing the answers.*

*Section A is compulsory. All questions in section A must be answered.*

*Attempt* ***any four*** *questions from* ***Section B*** *– answering at least one question each from the* ***two books*** *you have studied.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

### SECTION A

**(Attempt all questions from this Section)**

**Question 1.**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। [15]


a) समाज में अपनी पहचान और महत्त्व को बनाए रखने में तीज-त्योहारों की क्या भूमिका होती है?

b) मनुष्य अपने मित्रों के द्वारा ही जाना जाता है। उसके मित्रों का चयन ही उसके व्यक्तित्व का मापक है। व्यक्ति के जीवन में उसके मित्रों का क्या महत्त्व है और वे उसे किस प्रकार प्रभावित करते हैं ?

c) अपने जीवन की उस घटना का वर्णन कीजिए, जिससे आपको यह अमूल्य सीख मिली कि जीवन की वास्तविक और महत्वपूर्ण वस्तुएँ धन से नहीं खरीदी जा सकतीं।

d) 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे'- उक्ति पर आधारित कोई मौलिक कहानी लिखिए।

e) नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और मन में उमड़ने वाले भावों को प्रस्ताव के रूप में लिखिए। प्रस्ताव/कहानी का सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए।



**Question 2.**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।

a) रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने तथा पुलिस चौकी स्थापित करने की माँग करते हुए नगर पुलिस अधीक्षक को आवेदन पत्र लिखिए।

**OR**

b) किसी काल्पनिक अंतरिक्ष यात्री को पत्र लिखें जिसमें पूछें कि चाँद या मंगल पर रहना कैसा लगता है और धरती की क्या चीज सबसे ज्यादा मिस करता है।

**Question 3.**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। [10]

उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।

एक रियासत थी। उसका नाम था कंचनगढ़। वहाँ बहुत गरीबी थी। लोग कमजोर थे और धरती में कुछ उगता न था चारों ओर भुखमरी थी। एक दिन राजा कंचनदेव राज्य की दशा से चिंतित हो उठे।

Pati's ICSE ACADEMY

अचानक उनके पास एक साधु आए। राजा ने उन्हें प्रणाम किया। राजा ने साधु को अपने राज्य के बारे में बताया और कुछ उपाय करने की प्रार्थना की। साधू मुस्कराकर बोले - "कंचनगढ़ के नीचे सोने की खान है।" इतना कहकर साधु चले गए।

राजा ने खुदाई करवाई । वहाँ सोने की खान निकली। राजा का खजाना सोने से भर गया। राजा ने अपने राज्य में जगह-जगह मुफ़्त भोजनालय बनवाए, दवाखाने खुलवाए, चारागाह बनवाए तथा अन्य सुख-सुविधा के साधन उपलब्ध करा दिए। अब वहाँ कोई दुखी नहीं था। सब लोग खुश थे। धीरे-धीरे लोग आलसी हो गए। कोई काम नहीं करता था भोजन तक मुफ़्त में मिलने लगा था। मंत्री ने राजा को बहुत समझाया और कहा "महाराज, लोग आलसी होते जा रहे हैं। उनको काम दिया जाए।" परंतु राजा ने मंत्री की बात को टाल दिया।

कंचनगढ़ की समृद्धि को देखकर पड़ोसी रियासत के राजा को ईर्ष्या हुई। उसने अचानक कंचनगढ़ पर चढ़ाई कर दी और माँग की "सोना दो या लड़ो।" कंचनगढ़ के आलसी लोगों ने राजा से कहा- "हमारे पास बहुत सोना है, कुछ दे दें। बेकार खून क्यों बहाया जाए?" राजा ने लोगों की बात मान ली और सोना दे दिया। कुछ दिनों बाद उसी पड़ोसी राजा ने कंचनगढ़ पर फिर चढ़ाई कर दी। इस बार उसका लालच और बढ़ गया था। इसी प्रकार उसने कई बार चढ़ाई कर-करके कंचनगढ़ से सोना ले लिया। यह सब देखकर राजा का मंत्री बहुत परेशान हो गया। वह राजा को समझाना चाहता था, किन्तु राजा के सम्मुख कुछ बोलने की हिम्मत नहीं हो पा रही थी। अंत में उसने युक्ति से काम लिया।

एक दिन मंत्री कंचनदेव को घुमाने के लिए नगर के पूर्व की ओर बने गुलाब के बाग़ की ओर ले गया। राजा कंचनदेव ने देखा कि बाग़ में दाने बिखरे पड़े है। कबूतर दाना चुग रहे हैं। थोड़ी दूर पर कुछ कबूतर मरे पड़े हैं। कुछ भी समझ में न आने पर राजा ने मरे हुए कबूतरों के बारे में मंत्री से पूछा।

मंत्री ने बताया- "महाराज, इन्हें शिकारी पक्षियों ने मारा है।" राजा ने पूछा "तो कबूतर भागते क्यों नहीं", "भागते हैं लेकिन लालच में फिर से आ जाते हैं, क्योंकि उनके लिए यहाँ, आपकी आज्ञा से दाना डाला जाता है।" मंत्री ने बताया। राजा ने कहा "दाना डलवाना बंद कर दो।" मंत्री ने वैसा ही किया।

राजा अगले दिन फिर घूमने निकले। उन्होंने देखा कि दाना तो नहीं है, किन्तु कबूतर आ-जा रहे हैं। राजा ने मंत्री से इसका कारण पूछा। मंत्री ने बताया "महाराज, इन्हें बिना प्रयास के ही दाना मिल रहा था। यह अब दाने-चारे की तलाश की आदत भूल चुके हैं, आलसी हो गए हैं। शिकारी पक्षी इस बात को जानते हैं कि कबूतर तो यही आएँगे अतः वे इन्हें आसानी से मार डालते हैं।" राजा चिंता में पड़ गए। उन्होंने शाम को मंत्री को बुलाकर कहा "नगर के सारे मुफ्त भोजनालय बंद करवा दो। जो मेहनत करे, वही खाए। लोग निकम्में और आलसी होते जा रहे हैं। और हाँ, एक बात और मैं अब शत्रु को सोना नहीं दूँगा, बल्कि उससे लड़ाई करूँगा। जाओ, सेना को मजबूत करो।" मंत्री राजा की बात सुनकर बहुत खुश हो गया।

Pati's
ICSE ACADEMY

प्रश्न:

i राजा कंचनदेव की चिंता का क्या कारण था? उन्होंने साधु से क्या प्रार्थना की?

ii साधु ने राजा को क्या बताया? उसके बाद राजा ने राज्य के लिए क्या-क्या कार्य किये?

iii पड़ोसी राजा के आक्रमण करने पर कंचनगढ़ का राजा क्या करता था और क्यों?

iv कबूतरों की दशा कैसी थी? उस दशा को देखकर राजा ने क्या सीखा?

v राजा ने मंत्री को क्या आदेश दिए? आदेश सुनकर मंत्री की क्या प्रतिक्रिया हुई?

**Question 4.**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए। [8]

(i). निम्नलिखित शब्द के सही विलोम शब्द के विकल्प का चयन करिए।

**कीर्ति**

(a) आस्तिक

(b) विरक्ति

(c) अपकीर्ति

(d) कृत्रिम

(ii). निम्नलिखित शब्द के सही भाववाचक संज्ञा के सही विकल्प का चयन करिए।

**पढ़ना**

(a) लिखना

(b) पढ़ाई

(c) पढ़े

(d) पढ़कर

(iii). निम्नलिखित शब्द के सही विशेषण शब्द का चयन करिए।

**रसायन**

(a) रासायनिक

(b) रसयुक्त

(c) रसायानिक

(d) रासयनिक

Pati's
ICSE ACADEMY

निम्नलिखित शब्द के सही पर्यायवाची शब्दों के विकल्प का चयन करिए।

गंगा

(a) भागीरथी , धनपति

(b) सुरसरि ,मंदाकिनी

(c) त्रिपथगा , नीर

(d) सुरसरि, सुरभि

(v). निम्नलिखित मुहावरे के सही विकल्प का चयन करिए ।

**ईंट से ईंट बजाना**

(a) बहुत प्रयत्न करना

(b) बहुत परेशान करना

(c) गुस्से को रोक लेना

(d) नष्ट -भ्रष्ट कर देना

(vi). निम्न वाक्यों में से सही विकल्प चुनिए।

**जानने की इच्छा रखने वाला** विद्यार्थी किसी बात को बहुत जल्दी सीख जाता है।

(रेखांकित शब्द के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग कीजिए )

(a) सीखने वाला विद्यार्थी किसी बात को बहुत जल्दी सीख जाता है।

(b) ज्ञानी विद्यार्थी किसी बात को बहुत जल्दी सीख जाता है।

(c) जिज्ञासु विद्यार्थी किसी बात को बहुत जल्दी सीख जाता है।

(d) बुद्धिमान विद्यार्थी किसी बात को बहुत जल्दी सीख जाता है।

(vii). **'वह हमेशा स्वस्थ रहता है '** ('नहीं ' शब्द का प्रयोग कीजिए लेकिन अर्थ न बदले)

(a) वह कभी स्वस्थ नहीं रहता।

(b) वह कभी अस्वस्थ नहीं रहता।

(c) कभी बीमार या स्वस्थ वह नहीं रहता।

(d) बीमार रहता है लेकिन स्वस्थ नहीं रहता।

(viii). रोम का राजा भीषण रोग से पीड़ित हो गया। (वाक्य में **'कर दिया '** का प्रयोग कीजिए। )

(a) रोम के राजा को भीषण रोग ने पीड़ित कर दिया।

(b) रोम के राजा को एक भीषण रोग ने पीड़ित कर दिया।

(c) रोम के राजा को एक भयानक रोग ने पीड़ित कर दिया।

(d) रोम के राजा को एक रोग ने भयानक पीड़ित कर दिया।

SECTION B

## साहित्य सागर (कहानियाँ)

निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर प्रश्नों उत्तर लिखिए।

**Question 5.**

दोनों कुछ देर चुप रहे। ठाकुर साहब लड़के का क्रोध शांत करना चाहते थे ,लेकिन यह नहीं स्वीकार करना चाहते थे कि लालबिहारी ने कोई अनुचित काम किया है। इसी बीच में गाँव के कई सज्जन हुक्के चिलम के बहाने वहाँ आ बैठे। कई स्त्रियों ने जब यह सुना कि श्रीकंठ सिंह पत्नी के पीछे पिता से लड़ने को तैयार हैं तो उन्हें बड़ा हर्ष हुआ। [10]

i ठाकुर साहब किस उद्देश्य से चुप्पी बनाए हुए थे और वे किस बात को स्वीकार नहीं करना चाहते थे?

ii गाँव के सज्जन किस बहाने से वहाँ एकत्रित हो गए ? उनका वहाँ आना किस स्थिति को दर्शाता है?

iii श्रीकंठ सिंह के व्यवहार की खबर सुनकर गाँव की स्त्रियों की क्या प्रतिक्रिया हुई और क्यों?

iv इस घटना से गाँव के सामाजिक वातावरण और लोगों की मानसिकता के बारे में क्या पता चलता है?

**Question 6.**

फिर हरे रंग के धर्मगुरु ने उपदेश दिया ,"जो यहाँ त्याग करेगा ,वह उस लोक में पाएगा। जो यहाँ दुःख भोगेगा ,वह वहाँ सुख पाएगा। जो यहाँ राजा बनाएगा ,वह वहाँ वोट पाएगा। इसलिए सब मिलकर भेड़िए को वोट दो। वे दानी हैं ,परोपकारी हैं ,संत हैं। मैं उनको प्रणाम करता हूँ। [10]

i धर्मगुरु ने त्याग और दुःख के संदर्भ में भेड़ों को क्या उपदेश दिया ?

ii धर्मगुरु के अनुसार इस लोक में त्याग करने वाले को उस लोक में क्या मिलता है?

iii धर्मगुरु किसे वोट देने की अपील करता है और उसके पक्ष में क्या तर्क देता है?

iv इस गद्यांश में व्यंग्य किस रूप में प्रकट होता है ?

ICSE ACADEMY

**Question 7.**

पर 'सब दिन होत न एक समान 'अकस्मात् दिन फिरे और सेठ को गरीबी का मुँह देखना पड़ा। संगी -साथियों ने भी मुँह फेर लिया और नौबत यहाँ तक आ गई कि सेठ व सेठानी भूखों मरने लगे। उन दिनों एक प्रथा प्रचलित थी। यज्ञों के फल का क्रय -विक्रय हुआ करता था। छोटा -बड़ा जैसा यज्ञ होता ,उनके अनुसार मूल्य मिल जाता। जब बहुत तंगी हुई तो एक दिन सेठानी ने कहा ,"न हो तो एक यज्ञ ही बेच डालो।" [10]

i सेठ जी का स्वभाव कैसा था ? अचानक उनके जीवन में क्या परिवर्तन आ गया?

ii सेठ के गरीब होने पर उसके संगी-साथियों का व्यवहार कैसा रहा?

iii उस समय समाज में यज्ञों के फल के संबंध में कौन-सी प्रथा प्रचलित थी?

iv अत्यधिक तंगी की स्थिति में सेठानी ने सेठ को क्या सुझाव दिया?

## साहित्य सागर (पद्य)

**निम्नलिखित पद्यांशों पढ़कर प्रश्नों उत्तर लिखिए।**

**Question 8.**

धौरी को पय पान न करिहौं ,बेनी सिर न गुथैहौं। [10]
मोतिन माल न धरिहौं उर पर ,तेरी गोद न ऐहौं।
लाल कहैहौं नंद बबा को ,तेरो सुत न कहैहौं।।
कान लाय कछु कहत जसोदा ,दाउहिं नाहिं सुनैहों।
चंदा हूँ ते अति सुंदर तोहिं ,नवल दुलहिया ब्यैहौं। ।
तेरी सौं मेरी सुन मैया ,अबहिं ब्याहन जैहौं।
'सूरदास 'सब सखा बराती, नूतन मंगल गैहौं। ।

i कृष्ण क्यों कहते हैं कि धौरी को पय पान न करिहौं ,बेनी सिर न गुथैहौं। ?

ii बच्चे की जिद पूरी करने में असमर्थ माता यशोदा उन्हें बहलाने के लिए क्या कहती हैं ? इस पर कृष्ण की क्या प्रतिक्रिया होती है ?

iii प्रस्तुत पद में सूरदास ने माता यशोदा की ममता और स्नेह को कैसे व्यक्त किया है?

iv 'सूरदास 'सब सखा बराती, नूतन मंगल गैहौं ' पंक्ति की व्याख्या कीजिए।

Pati's
ICSE ACADEMY

**Question 9.**

राजा के दरबार में ,जैये समया पाय।
साईं तहाँ न बैठिए ,जहँ कोउ देय उठाय। ।
जहँ कोउ देय -उठाय ,बोल अनबोले रहिए।
हँसिए नहीं हहाय ,बात पूछे ते कहिए। ।
कह 'गिरिधर कविराय 'समय सों कीजै काजा।
अति आतुर नहिं होय ,बहुरि अनखैहें राजा। ।

[10]

i राजा के दरबार में कहाँ नहीं बैठना चाहिए और क्यों? स्पष्ट कीजिए।

ii कवि ने दरबार में कब बोलने और कब न बोलने की सलाह दी है ?

iii कवि के अनुसार राजा के दरबार में और किन- किन नियमों का पालन करना चाहिए और क्यों ?

iv प्रस्तुत कुण्डलिया से क्या शिक्षा मिलती है ?समझाकर लिखिए।

**Question 10.**

वह आता -
दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता।
पेट -पीठ दोनों मिलकर हैं एक ,
चल रहा लकुटिया टेक ,
मुट्ठी -भर दाने को - भूख मिटाने को
मुँह फटी -पुरानी झोली को फैलाता -
दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता।

[10]

i यहाँ किसके आने की बात की जा रही है? उसका कवि पर क्या प्रभाव पड़ता है? समझाकर लिखिए।

ii 'दो टूक कलेजे के करता' से कवि का क्या तात्पर्य है? समझाकर लिखिए।

iii कवि ने उसकी गरीबी का वर्णन किस प्रकार किया है? वह किस प्रकार चलता है तथा भूख मिटाने के लिए क्या करता है ?

iv प्रस्तुत पद्यांश को पढ़कर हमारी आँखों के सामने जो दृश्य उपस्थित होता है उसे अपने शब्दों में लिखिए।

C.N.M.& N.D.PAREKH

| Shri Vile Parle Kelavani Mandal's C.N.M. School & N.D. Parekh Pre-Primary School | | | | |
|---|---|---|---|---|
| STD | DATE | PRELIMINARY EXAMINATION 2025 -26 | TIME | MAX MARKS |
| X | 08.01.2026 | HINDI | 3 hours | 80 |
| Number of printed pages –5 | | | | |

**Answers to this paper must be written on the paper provided separately.**
**You will not be allowed to write during the first 15 minutes.**
**This time is to be spent in reading the question paper.**
**The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.**

---

*This paper comprises two sections: Section A and Section B.*
*Attempt all the questions from Section A and any four questions from Section B.*
*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

**SECTION – A (40 Marks)**
**Attempt all questions.**

**प्रश्न-१. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग २५० शब्दों में संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए। [15]**

१. 'भ्रष्टाचार देश की उन्नति में बाधक है ।' अपने विचार लिखें ।

२. रविवार की एक सुबह तेज़ बारिश की वजह से बिजली चली गयी और फोन, इंटरनेट आदि सब बंद हो गए। इसके बिना आपने कैसे दिन बिताया? क्या देखा, सुना और महसूस किया? वर्णन कीजिए।

३. उस दिन मुझे समझ में आया कि जीवन में पड़ोसी का बहुत महत्व होता है ।.......... इस वाक्य से अंत होने वाली कोई कहानी या घटना लिखिए ।

४. 'पुस्तकों का महत्व कभी कम नहीं हो सकता ।' इस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अपनी प्रिय पुस्तक तथा उससे आपको मिलनेवाली प्रेरणा के बारे में भी बताइए ।

५. निम्नलिखित चित्र को ध्यानपूर्वक देखें तथा अपने विचार लेख या कहानी के रूप में प्रस्तुत करें।



Pati's
ICSE ACADEMY

[7]

**प्रश्न-२. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए ।**

१. किसी अनाथालय के प्रबंधक को पत्र लिखकर बताइए कि आपके विद्यालय के छात्र वहाँ के बच्चों के साथ एक दिन बिताना चाहते हैं । इस बात की अनुमति माँगते हुए उन्हें यह भी बताइए कि आपने उनके लिए क्या-क्या योजनाएँ बनाई हैं ?

२. आपकी दसवीं बोर्ड की परीक्षा अगले महीने शुरू होनेवाली है। अपने दादाजी को पत्र लिखकर अपनी तैयारी के बारे में बताइए। साथ ही, यह भी बताइए कि उनके द्वारा किया गया मार्गदर्शन आपको किस प्रकार पढ़ाई में सहायता दे रहा है ?

**प्रश्न-३.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

महात्मा बुद्ध बिहार के एक गाँव में ठहरे थे जहाँ उनकी बाद में मृत्यु हुई । यहाँ एक गरीब आदमी ने उन्हें भोजन पर बुलाया था । यह उनके जीवन का अंतिम दिन था । बिहार के गरीब सब्ज़ी तो नहीं जुटा पाते थे । अब भी नहीं जुटा पाते हैं तो कुकुरमुत्ता (Mushroom) बरसात में पैदा हो जाता है - वृक्षों पर, पत्थरों पर, जमीन पर । उसको ही काटकर रख लेते हैं । फिर उसे सुखाकर सब्ज़ी बना लेते हैं । आदमी गरीब था और उसके घर में कोई सब्ज़ी न थी इसलिए उसने सुखाकर रखे हुए कुकुरमुत्ते की सब्ज़ी बनाई । कुकुरमुत्ता कभी-कभी विषाक्त हो जाता है। कहीं भी उगता है । अक्सर गंदी जगहों में उगता है ।

वह सूखा कुकुरमुत्ता विषाक्त था । बुद्ध ने चखा तो उसका स्वाद कड़वा था लेकिन वह गरीब पंखा झूला रहा था और उसकी आँखों से आनंद के आँसू बह रहे थे तो बुद्ध ने कुछ कहा नहीं और वे खाते चले गए । वह कड़वा ज़हर था । लौटे तो बेहोश हो गए । चिकित्सकों ने कहा कि बचना मुश्किल है । शरीर में ज़हर फैल गया है । उस आदमी ने कहा, "आपने कहा क्यों नहीं कि कड़वा है ।" बुद्ध ने कहा, "कुकुरमुत्ता कड़वा है तो इसमें नाराज़गी क्या ? ज़हर मिल गया होगा । तुम इतने आनंदित थे और जो मृत्यु आने ही वाली है, जो रोकी न जा सकेगी, आज कल में आ ही जाएगी तो उस छोटी सी घटना के लिए तुम्हारी खुशी को छीननेवाला मैं क्यों बनूँ ? ज़हर मुझे नहीं मार पाएगा ।" लेकिन बुद्ध की मृत्यु हो गई ।

मृत्यु के पहले बुद्ध ने अपने भिक्षुओं को बुलाकर उस व्यक्ति के बारे में गाँव में यह खबर कर देने के लिए कहा कि जिस आदमी ने बुद्ध को अंतिम भोजन करवाया है, वह परम पुण्यशाली है । भिक्षुओं ने इस पर आपत्ति प्रकट की कि ये आप क्या कह रहे हैं ? वह आदमी हत्यारा है । बुद्ध ने कहा, "तुम्हें पता नहीं है, कभी-कभी हजारों-लाखों वर्षों में बुद्ध जैसा व्यक्ति पैदा होता है । उसको जो माँ पहली दफे भोजन देती है, वह भी धन्यभागी है और जो आदमी उसे अंतिम भोजन देता है, वह भी कम धन्यभागी नहीं है । ज़हर ने अपना काम किया, उस आदमी ने अपना काम किया । मैं बुद्ध हूँ । मुझे मेरे गुणधर्म के अनुसार काम करने दो अन्यथा लोग क्या कहेंगे और अगर मैं यह कहकर न जाऊँ और मर जाऊँ तो तुम सब मिलकर कहीं उसकी हत्या न कर दो । कहीं उसके घर में आग न लगा दो । अगर तुमने यह भी न किया तो वह जन्मों - जन्मों के लिए नाहक अपमानित और निंदित हो जायेगा और यह मैं नहीं चाहता ।"

सच ! किसी की खुशी के लिए मरना भी बुद्ध के लिए आनंददायी था । आज जब मनुष्य सिर्फ़ अपने स्वार्थ को सिद्ध करने में लगा है, अपनी खुशी के लिए किसी का खून करने से भी पीछे नहीं हटता, गौतम बुद्ध का यह प्रसंग हमें प्रेम, अहिंसा व दया का संदेश देता है । कितनी धन्य है भारतभूमि ! जहाँ ऐसे महात्माओं ने जन्म लिया ।

Pati's
ICSE ACADEMY

प्रश्न:

१. बुद्ध कहाँ ठहरे थे ? उन्हें वहाँ किसने, किस लिए बुलाया ? [2]

२. उस व्यक्ति ने कौनसी सब्ज़ी बनाई ? क्यों ? [2]

३. कुकुरमुत्ते का स्वाद कैसा था ? बुद्ध उसे क्यों खाते चले गए ? [2]

४. बुद्ध ने उस व्यक्ति के बारे में गाँव में क्या खबर कर देने के लिए कहा ? भिक्षुओं ने इस पर क्या आपत्ति प्रकट की ? [2]

५. प्रस्तुत गद्यांश को सकारण उचित शीर्षक दें। [2]

**प्रश्न-४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।** [8]

**(I) 'सर्प' का पर्यायवाची बताइए :**

a) सीप, अहि

b) भुजंग, इला

c) साँप, भुजंग

d) हेम, नाग

**(II) 'सुगंध' का विलोम शब्द बताइए :**

a) बदबू

b) दुर्गंध

c) बदसूरत

d) महक

**(III) 'बचना' की भाववाचक संज्ञा बताइए :**

a) बचाना

b) बचाव

c) बनावट

d) बढ़ोत्तरी

**(IV) 'तीन' का विशेषण रूप बताइए :**

a) तीसरा

b) त्रयोदशी

c) त्रितिया

d) तिथि

**(V) 'हाथ पैर मारना' मुहावरे का अर्थ बताइए :**

a) बहुत दर्द होना

b) कष्ट पहुँचाना

c) मन लगाकर खेलना

d) कोशिश करना

CMM School

Pati's
ICSE ACADEMY

(VI) 'दांत' शब्द का शुद्ध रूप बताइए :

a) दात

b) दातं

c) दाँत

d) दाता

(VII) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

बुद्ध के <u>मत के पीछे चलनेवाले</u> कई लोग हैं । (वाक्य में रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करें।)

a) बुद्ध के मतानुयायी कई लोग हैं ।

b) बुद्ध के प्रशंसक कई लोग हैं ।

c) बुद्ध के अनुसरण करने वाले कई लोग हैं ।

d) बुद्ध के अनुयायी कई लोग हैं ।

(VIII) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

वह आदमी हत्यारा है । ( प्रश्नार्थक वाक्य में परिवर्तित कीजिए । )

a) क्या वह आदमी हत्यारा है ।

b) वह आदमी हत्यारा है ?

c) क्या वह आदमी हत्यारा है ?

d) वह आदमी हत्यारा नहीं है ?

## SECTION – B (40 Marks)

### <u>एकांकी संचय</u>

*निम्नलिखित अवतरणों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

प्रश्न-५. " हाय पुत्र । इन हत्यारों ने अधर्म से तुम्हें परास्त किया । संजय ! संजय । मेरे इतने उत्कट स्नेह का ऐसा अंत ! ओह मैं नहीं सह सकता । " - महाभारत की एक साँझ - भारत भूषण अग्रवाल

१. प्रस्तुत कथन का वक्ता कौन है ? वह किन्हें हत्यारा कह रहा है ? वक्ता और श्रोता इस वक्त कहाँ हैं? [2]

२. संजय का परिचय दीजिए । [2]

३. अंत में 'पुत्र' किस प्रकार परास्त हुआ ? स्पष्ट करें । [3]

४. संतान के प्रति अत्यधिक स्नेह हमेशा अहितकर होता है । अपने विचार लिखिए । [3]

प्रश्न-६. " बेटा, बड़प्पन बाहर की वस्तु नहीं - बड़प्पन तो मन का होना चाहिए और फिर बेटा घृणा को घृणा से नहीं मिटाया जा सकता । " - सूखी डाली – उपेन्द्रनाथ अश्क

१. प्रस्तुत कथन किसने, किससे कब कहा ? [2]

२. वक्ता ने महानता के संबंध में क्या कहा ? [2]

Pati's
ICSE ACADEMY

३. वक्ता ने किस प्रकार अपने संयुक्त परिवार को टूटने से बचाया ? स्पष्ट करें । [3]
४. प्रस्तुत एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट करें । [3]

प्रश्न-७. " नहीं भाभी । मैं नहीं छोड़ सकूँगी । चाहूँ तब भी नहीं ।" - संस्कार और भावना - विष्णु प्रभाकर

१. उपर्युक्त कथन का वक्ता कौन है ? उसने 'भाभी' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है ? वक्ता किसे न छोड़ने की बात कर रहा है ? उससे उसका क्या संबंध है ? [2]
२. वक्ता ने 'भाभी' की कौनसी बात को सुनकर उपर्युक्त कथन कहा ? [2]
३. 'भाभी' के परिवार से अलग रहने का क्या कारण था ? [3]
४. 'भाभी' का चरित्र - चित्रण कीजिए । [3]

## साहित्य सागर - पद्य भाग

प्रश्न-८. उनकर राखै मान, बँद जहँ आड़े आवै ।।
बकुचा बाँधे मोट, राति को झारि बिछावै ।।
कह 'गिरधर कविराय', मिलत है थोरे दमरी ।
सब दिन राखै साथ, बड़ी मर्यादा कमरी ॥

- कुंडलियाँ - गिरिधर कविराय

१. शब्दार्थ लिखिए - राखै , बकुचा, राति, थोरे [2]
२. कमरी किसका मान रखती है और किस प्रकार ? [2]
३. उपर्युक्त अंतिम दो पंक्तियों का अर्थ स्पष्ट करें । [3]
४. 'दूसरों की भलाई करना सबसे बड़ा धर्म है ।' अपने विचार लिखें । [3]

प्रश्न .९- कान लाय कछु कहत जसोदा , दाउहिं नाहिं सुनैहौं ।
चंदा हूँ ते अति सुंदर तोहिं, नवल दुलहिया ब्यैहौं ।।

-सूर के पद - सूरदास

१. मैया बालकृष्ण की कौनसी ज़िद पूरी नहीं कर पा रही थी ? क्यों ? [2]
२. मैया ने फिर बालकृष्ण को कैसे बहलाया ? [2]
३. मैया की बात सुनकर बालकृष्ण की क्या प्रतिक्रिया हुई ? [3]
४. 'सूरदास हिन्दी साहित्य के महाकवि हैं ।' स्पष्ट करें । [3]

प्रश्न-१०. गंगा, यमुना, त्रिवेणी नदियाँ लहर रही हैं,
जगमग छटा निराली , पग-पग छहर रही है ।

- वह जन्मभूमि मेरी - सोहनलाल द्विवेदी

१. 'त्रिवेणी' से कवि का क्या अभिप्राय है ? यहाँ किसका संगम होता है ? [2]
२. 'जगमग छटा निराली, पग-पग छहर रही है ।' पंक्ति द्वारा कवि क्या कहना चाहते हैं ? [2]
३. सीता का शब्दिक अर्थ क्या है ? उन्होंने नारी समाज के लिए क्या आदर्श प्रस्तुत किया ? [3]
४. क्या आप भी मानते हैं कि भारतभूमि 'स्वर्णभूमि' है ? स्पष्ट कीजिए । [3]

--------------x---------------------------x--------------------------x--------------

Pati's
ICSE ACADEMY

QUESTION PAPER 6

# HIRANANDANI FOUNDATION SCHOOL – POWAI
## SECOND PRELIMINARY EXAMINATION- JANUARY. 2026
## HINDI

STD : X
READING TIME : 15 MINUTES
WRITING TIME : 3 HOURS

DATE :07/01/2026
MARKS : 80

**Answer to this paper must be written on the paper provided separately.** You will NOT be allowed to write during the first 15 minutes. This time is to be spent in reading the question paper. **The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.**

This paper comprises of two sections; Section A and Section B. Attempt all the questions from Section A. Attempt all questions from Section B. The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets ( ).

## SECTION -A (40 Marks)

***Attempt all questions***

**Question 1. Write a short Composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics :-**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए:— [15]

(i) आज के प्रतिद्वंदिता (Competition) के युग में हमारे नैतिक मूल्य खोते जा रहे हैं। इसका क्या दुष्परिणाम हमारे समाज पर पड़ रहा है तथा इसका क्या हल है? अपने विचारों को प्रस्ताव के रुप में लिखिए।

(ii) 'पर्यावरण है तो मानव हैं', विषय को आधार बनाकर पर्यावरण सुरक्षा को लेकर आप क्या प्रयास कर रहे हैं? इसी विषय पर प्रस्ताव लिखिए।

(iii) 'कृत्रिम बुध्दिमत्ता' (AI) इक्कीसवीं सदी की क्रांतिकारी तकनीक बन गई है। इस विषय पर आप अपने विचार प्रस्ताव के रुप में लिखिए।

(iv) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसके अंत में आपके विचार से स्पष्ट हो कि..... कठिन समय पर धैर्य नहीं खोना चाहिए और बुध्दि का प्रयोग कर समस्या का समाधान करना चाहिए।

(v) नीचे दिए गये चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए। उचित शीर्षक भी लिखिए।



Turn over.......

Question 2. **Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below : -** [07]

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:—**

(i) कुछ दिनों पहले आप अपने मित्रों के साथ समाज सेवा के लिए किसी गाँव में गए थे। वहाँ श्रमदान किया। आपको कैसा लगा? आपने किस प्रकार वहाँ के लोगों की मदद की। इस अनुभव के बारे में अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

(ii) महानगरपालिका के अध्यक्ष के नाम पत्र लिखिए जिसमें निवेदन कीजिए कि आपके नगर की सुंदरता बनाए रखने का भरसक प्रयत्न होना चाहिए। क्योंकि यह नगर पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र है।

<u>**Question**</u> **3. Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible:-**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।**

एक बार की बात है। कृष्ण और बलराम किसी घने जंगल से जा रहे थे। चलते—चलते काफी समय बीत गया और अब सूरज भी डूबने वाला ही था। अँधेरे में बढ़ना संभव नहीं था, इसलिए कृष्ण बोले, "बलराम हम ऐसा करते हैं कि सुबह होने तक यहीं ठहर जाते हैं। भोर होते ही हम अपने गंतव्य की ओर चल देंगे।" बलराम बोले, "पर इस घने जंगल में हमें खतरा हो सकता है। यहाँ सोना उचित नहीं होगा। हमें जागकर ही रात बितानी होगी।" "अच्छा हम ऐसा करते हैं कि पहले मैं सोता हूँ और तब तक तुम पहरा देते रहो और फिर जैसे ही तुमको नींद आए, तुम मुझे जगा देना। तब मैं पहरा दूँगा और तुम सो जाना," कृष्ण ने सुझाव दिया। बलराम तैयार हो गए और पहरा देने लगे।

कुछ ही पलों में कृष्ण गहरी नींद में चले गए और तभी बलराम को एक भयानक आकृति अपनी ओर आती दिखी। वह कोई राक्षस था। राक्षस उन्हें देखते ही जोर से चीखा, जिससे बलराम बुरी तरह डर गए। इस घटना का एक विचित्र असर हुआ। भय के कारण बलराम का आकार कुछ छोटा हो गया और राक्षस और अधिक विशाल हो गया। उसके बाद दूसरी बार राक्षस फिर चीखा और बलराम फिर से डरकर काँप उठे। अब बलराम और भी सिकुड़ गए और राक्षस पहले से भी बड़ा हो गया।

राक्षस धीरे—धीरे बलराम की ओर बढ़ने लगा। बलराम पहले से ही भयभीत थे। वे तीसरी बार उस विशालकाय राक्षस को अपनी ओर आता देख, ज़ोर से चीख पड़े और वहीं मूर्छित होकर गिर पड़े। बलराम की आवाज़ सुनकर कृष्ण उठे। बलराम को लेटे देखकर उन्होंने सोचा कि बलराम पहरा देते—देत थक गए होंगे, अतः सोने से पहले उन्हें आवाज देकर सो गए है।

Pati's
ICSE ACADEMY



अब कृष्ण पहरा देने लगे। कुछ देर बाद वही राक्षस उनके सामने भी आया और ज़ोर से चीखा। कृष्ण जरा भी नहीं घबराए, उनपर कोई भी असर नहीं हुआ और बोले, "तुम इस तरह चीख क्यों रहे हो? क्या चाहिए तुम्हें? इस बार कुछ विपरीत हुआ। कृष्ण के साहस के कारण उनका आकार कुछ बड़ा हो गया और राक्षस का आकार कुछ घट गया।

राक्षस को पहली बार कोई ऐसा मिला था, जो उससे डर नहीं रहा था। घबराहट में वह पुनः कृष्ण पर जोर से चीखा। इस बार भी कृष्ण नहीं डरे और उनका आकार और भी बड़ा हो गया जबकि राक्षस पहले से भी छोटा हो गया। एक अंतिम प्रयास में राक्षस पूरी ताकत से चीखा, पर कृष्ण मुस्करा उठे ओर फिर से बोले, "बताओ तो क्या चाहिए तुम्हें? फिर क्या था, राक्षस सिकुड़कर बिलकुल छोटा हो गया और कृष्ण ने उसे अपनी धोती में बाँध लिया और फिर अपनी कमर में खोंसकर रख लिया।

कुछ ही देर में सुबह हो गई। कृष्ण ने बलराम को उठाया और आगे बढ़ने के लिए कहा वे धीरे–धीरे आगे बढ़ने लगे। तभी बलराम बोले, "पता है कल रात एक भयानक राक्षस हमें मारने आया था।" रुको–रुको, "बलराम को बीच में ही टोकते हुए कृष्ण ने अपनी धोती में बँधा हुआ राक्षस बाहर निकाला और बलराम को दिखाते हुए बोले, "कहीं तुम इसकी बात तो नहीं कर रहे हो?" "हाँ यह वही है। पर कल जब मैंने इसे देखा था, तब तो यह बहुत बड़ा था। अब यह इतना छोटा कैसे हो गया?" बलराम आश्चर्यचकित होते हुए बोले।

कृष्ण ने उत्तर दिया, जीवन में जब तुम किसी ऐसी चीज़ से बचने की कोशिश करते हो, तो वह तुमसे बड़ी हो जाती है और जब तुम उसका सामना करते हो तो तुम उससे बड़े हो जाते हो और उसे नियंत्रित करने लगते हो। वास्तव में देखा जाए तो राक्षस कोई और नहीं बल्कि जीवन की समस्याएँ और चुनौतियाँ है। हम इनका सामना करेंगे डटकर करेंगे तो ये चुनौतियाँ छोटी होती जाती हैं। हमें साहस, विवके, धैर्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

(i) जंगल में रात होने पर विश्राम करने के संबंध में कृष्ण ने बलराम से क्या कहा? **[2]**

(ii) बलराम को क्या दिखाई दिया? तीन बार राक्षस चीखे तो बलराम पर उसका क्या प्रभाव पड़ा? **[2]**

(iii) राक्षस से कृष्ण ने क्या कहा तथा उन पर राक्षस के चीखने का क्या असर हुआ। **[2]**

(iv) सुबह होने पर बलराम ने भयानक राक्षस के बारे में क्या बताया? कृष्ण ने धोती में किसे बाँध रखा था? कृष्ण ने बलराम को क्या समझाया? **[2]**

(v) प्रस्तुत कहानी से हमें क्या संदेश मिलता है? **[2]**

Question 4. Answer the following according to the instructions given:-

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

(i) 'अस्ति' की भाववाचक संज्ञा बताइए। [1]

a) आस्तिक b) अस्त c) आस्था d) अस्तित्व

(ii) 'कलंक' का विशेषण बताइए। [1]

a) कालखंड b) कालिमा c) कलंकित d) कालचक्र

(iii) 'चतुर' का पर्यायवाची बताइए। [1]

a) कुशल, दीन b) प्रवीण, चालाक
c) निपुण, सरताज d) चतुराई, अवतार

(iv) 'अल्पज्ञ' का विलोम शब्द लिखिए। [1]

a) बहुज्ञ b) यज्ञ c) अल्पभाषी d) ज्ञानज्ञ

(v) 'सिर मुँड़ाते ही ओले पड़ना' मुहावरे का अर्थ चुनकर लिखिए। [1]

a) अपमानित करना। b) इज़्ज़त उतारना।
c) सच्चाई न देख पाना। d) कार्य प्रारंभ होते ही संकट आना।

निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए।

(vi) कुछ लोग भाषण दे रहे हैं और मन में संतुष्ट हो रहे हैं। (काल पहचानकर लिखिए।) [1]

a) भविष्यकाल b) भूतकाल
c) वर्तमानकाल d) विधिवाचक

vii) जो बुरे कार्यों के लिए प्रसिध्द हो — (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।) [1]

a) कुख्यात b) गोपनीय c) कृतघ्न d) विख्यात

viii) मानव आचरण में पूर्ण रुप से परिवर्तन आ जाता है। ('परिवर्तित' शब्द का प्रयोग कीजिए।) [1]

a) परिवर्तित आचरण मानव का होता है।
b) मानव परिवर्तित पूर्ण आचरण के सहारे रहता है।
c) मानव आचरण पूर्ण रुप से परिवर्तत नहीं हो पाता है।
d) मानव आचरण पूर्ण रुप से परिवर्तित हो जाता हैं।

## SECTION B (40 marks)

Attempt four questions from this section. You must answer at least one question from each of the two books, you have studied and any two other questions.

### साहित्य सागर (गद्य) — (संक्षिप्त कहानियाँ)

**Question 5. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।

हालदार साहब चक्कर में पड़ गए पूछना चाहते थे, इसे कैप्टन क्यों कहते हैं? क्या यही इसका वास्तविक नाम है? लेकिन पानवाले ने साफ बता दिया था कि अब वह इस बारे में बात करने को तैयार नहीं।

(i) 'कैप्टन' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है, उसके बारे में जानकारी दीजिए। [2]

(ii) पानवाले की दो विशेषताओं को लिखिए और यह भी बताइए पानवाले की कौन सी बात हालदार साहब को अच्छी नहीं लगी? [2]

(iii) नेताजी की मूर्ति का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। चौराहे पर मूर्ति लगाना प्रशंसनीय कार्य है। अपने विचार लिखिए। [3]

(iv) कथा के अंत में चौराहे पर आते ही हालदार साहब ने क्या किया और क्यों? समझाइए। [3]

**Question 6. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।

भेड़िए बलवान होते हैं। यदि तुम पर कोई अन्याय होगा, तो डटकर लड़ेंगे। इसलिए अपने हित की रक्षा के लिए भेड़ियों को चुनकर पंचायत में भेजो।

(i) प्रस्तुत कथन का वक्ता और श्रोता कौन है? दोनों के बारे में दो—दो वाक्य लिखिए। [2]

(ii) चारों सियार इस समय कहाँ आए है और क्यों? [2]

(iii) बूढ़े सियार ने भेड़िए के 'हृदय—परिवर्तन' के सम्बन्ध में क्या कहा था? भेड़िया कुछ नहीं बोल पा रहा था — बूढ़े सियार ने उसकी क्या विवशता बताई और क्यों? [3]

(iv) प्रस्तुत अवतरण किस कहानी में से लिया गया है? कहानी के माध्यम से लेखक हमें कौन—सा संदेश देते हैं? [3]

**Question 7.** **Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।

**विनम्र भाव से बोले, "आप आज की कहती हैं, मैंने तो बरसों से कोई यज्ञ नहीं किया। मेरी स्थिति ही ऐसी नहीं थी।**

(i) प्रस्तुत कथन किसका है? श्रोता कौन है? उपर्युक्त कथन के माध्यम से वक्ता, श्रोता को क्या समझाना चाहते हैं? [2]

(ii) 'मरणासन्न' शब्द का अर्थ लिखिए। कौन मरणासन्न था? उसको जीवनदान किसने, किस प्रकार दिया? स्पष्ट कीजिए। [2]

(iii) कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) 'महायज्ञ का पुरस्कार' से हमें कौन—कौन सी शिक्षा मिलती है? [3]

## एकांकी संचय

**Question 8.** **Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

**अरे नीच! अब भी तेरा गर्व चूर नहीं हुआ। यदि बल है तो आ न बाहर और हमको पराजित करके राज्य प्राप्त कर। वहाँ बैठा बैठा क्या वीरता बखानता है। तू क्या समझता है, हम तेरी थोथी बातों से डर जाएँगे।**

(i) उपर्युक्त कथन किसने, किससे, कब और क्यों कहे हैं। 'अब भी' शब्द का प्रयोग किस संदर्भ में किया गया है? [2]

(ii) प्रस्तुत कथन में किस राज्य को प्राप्त करने की बात की जा रही है? युध्द किसके, किसके बीच हुआ? युध्द का परिणाम क्या निकला? [2]

(iii) वक्ता का चरित्र—चित्रण कीजिए। [3]

(iv) प्रस्तुत कथन किस एकांकी में से लिया गया है? एकांकी का नाम लिखिए। एकांकी के उद्देश्य को भी समझाइए। [3]

**Question 9.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

बनवीर ने नगर भर में आज नाच—गान का त्योहार मनवाया, जिससे नगर—निवासियों का ध्यान नाच—रंग में ही रहे। मौका देखकर वह राजमहल गया अन्त:पुर में वह आता जाता था। किसी ने रोका नहीं। उसने महाराणा के कमरे में जाकर उनकी हत्या कर दी।

(i) वक्ता और श्रोता कौन—कौन है? किसके मारे जाने की सूचना वक्ता ने श्रोता को दी? [2]

(ii) नृत्य का आयोजन किसने करवाया था? क्यों? [2]

(iii) श्रोता बनवीर से क्या भिक्षा माँगती है? श्रोता की दो चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। [3]

(iv) सोते हुए बालक का ढका हुआ मुख देखकर बनवीर ने क्या कहा? एकांकी के अंत को अपने शब्दों में लिखिए। [3]

**Question 10.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

**"किस लड़की की कामना नहीं होगी, भैया?.... लेकिन....लेकिन... उस कामना की पूर्ति के लिए इतनी बड़ी कीमत चुकाना कहाँ तक ठीक है? साल—दो साल में विमला का ब्याह भी आपको करना है।"**

(i) प्रस्तुत कथन किसका है? यहाँ किस 'कामना' के बारे में कहा गया है? उस अवसर के बारे में आप क्या जानते है? [2]

(ii) उपर्युक्त अवतरण में 'भैया' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है? वह कौन सी बड़ी कीमत चुकाने की बात कर रहा है? [2]

(iii) गौरी के विदा न होने पर उसके पिताजी ने उसके ससुराल वालों के संबंध में क्या भला—बुरा कहा? पिता के हृदय परिवर्तन के बारे में भी जानकारी दीजिए। [3]

(iv) प्रस्तुत एकांकी के से हमें कौन—कौन सा सबक मिलता है? [3]

xxxxx x xxxxx

Anosh - 10 C

# Christ Church School
## PRELIMINARY EXAMINATION
## HINDI

STD : 10
DATE : 08-01-2026
TIME : 3 hours

MAXIMUM MARKS 80
NO OF QUESTIONS 10
NO.OF PRINTED SIDES 06

*Answer to this paper must be written on the paper provided separately.*
*You will be not allowed to during the first 15 minutes.*
*This time is to be spent in reading question paper.*
*The time given at the head of this paper is the time allowed for writing answers.*

*This paper comprises of two sections – **Section –A** and **Section B***
*Attempt all the question from **SECTION A***
*Attempt any four questions from **SECTION B**,answering at least **one** question each from the **two** books you have studied and any two other questions. The intended marks for the questions or parts of questions or parts of questions are given in brackets. [ ]*

## SECTION A (40 Marks)
## Attempt all questions

**QUESTION-1-**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics :-**

**निम्नलिखित विषयो में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :-** [15]

(i) आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में आदमी मानसिक तनाव से ग्रस्त है ,इसे दूर करने तथा जीवन को खुशहाल बनाने के तरीकों के बारे में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।


(ii) नारी घर और बाहर दोनों जगह अपनी भूमिका निभाते हुए नित नई चुनौतियों का सामना करती है । विभिन्न क्षेत्रों में नारी के योगदान को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर अपने विचार लिखिए ।

(iii) तकनीकी विकास ने हमारा जीवन सरल तथा सुगम बना दिया है । किसी एक तकनीक के विषय में विस्तार से बताते हुए यह भी स्पष्ट कीजिए कि यह तकनीक हमारे देश के विकास में सहयोगी कैसे ?

(iv) आपने वहाँ की स्थिति देखी और आपके मुँह से निकला अरे ! ऐसा भी होता है क्या ? इस वाक्य से आरम्भ अथवा अन्त करते हुए एक मौलिक कहानी लिखिए ।

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखें और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए ।

Pati's
ICSE ACADEMY




**QUESTION- 2-**

**Write a letter in Hindi of approximately 120 words on any one of the topics given below :-**

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए :-** [7]

(i) आप अपने परिवार के साथ किसी सुन्दर शहर की यात्रा करके आए हैं आपने वहाँ क्या-क्या देखा ? वह शहर इतना तथा प्रसिद्ध क्यों है ? अपने मित्र को पत्र लिखकर वर्णन करें ।

(ii) आपके क्षेत्र में मलेरिया तथा डेंगू का प्रकोप बढ़ गया है । इसकी रोकथाम के लिए नगर-निगम के अध्यक्ष को एक पत्र लिखिए ।

**QUESTION- 3**

***Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow , using your own words as far as possible :-***

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथा संभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :-** [10]

पंजाब में उस वक्त भयानक अकाल पड़ रहा था । उन दिनों वहाँ महाराणा रणजीत सिंह का राज था । उन्होंने यह घोषणा करवा दी ,"महाराज के आदेश से साही भंडार-गृह हर जरूरतमंद के लिए खुला है । प्रत्येक जरुरतमंद एक बार में जितना उठा सके ,ले जाए । " यह घोषणा सुनते ही गाँवों व शहरों से जरुरतमंदो की भीड़ राजमहल में उमड़ पड़ी ।

उन दिनों लाहौर में एक सद्गृहस्थ बूढ़े सज्जन रहते थे । वे कट्टर सनातनी विचारों के थे । उन्होंने जीवन में कभी भी किसी के आगे अपना हाथ नहीं फैलाया था । अँधेरा होने पर वह शाही भण्डार के दरवाजे पर पहुँचे । द्वार खुला था किसी तरह की कोई जाँच-पड़ताल नहीं हुई । उन्होंने बड़ी संकोच से अपनी चादर को फैलाया ,उसके कोने में थोडा सा अनाज बाँध लिया । ज्यादा अनाज उठाना उनके लिए मुश्किल था । इतने में पगड़ी बाँधे एक व्यक्ति वहाँ आया । उसने कहा ,"भ्राताजी आपने तो काफी कम अनाज लिया है । "बूढ़े सज्जन ने कहा, "असल में मैं बूढ़ा लाचार हूँ । इस अकाल में तो थोड़ा अनाज लेना ही सही है ,जिससे सब जरूरतमंदों को मिल जाए ।"

उस व्यक्ति ने बूढ़े की गठरी खोल दी । उसमें भरपूर अनाज भर दिया । बूढ़े सज्जन ने

कहा ,"मैं इतना अनाज नहीं उठा सकता और न ही इसकी मजदूरी का पैसा दे सकता हूँ |"इतने में उस अजनबी ने बूढ़े की गठरी अपने कन्धों पर ले ली और बूढ़े के पीछे-पीछे चल पड़ा | जब वे बूढ़े के घर के द्वार पर पहुँचे तो वहाँ दो बच्चे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे | उन्हें देखते ही वे बोले ,"बाबा कहाँ चले गए थे ?" बूढा खामोश रहा | अजनबी ने कहा,"घर में कोई बड़ा लड़का नहीं है ? "बूढा बोला,"लड़का था लेकिन काबुल की लड़ाई में शहीद हो गया | अब बहू है तथा मेरे ये पोते हैं |" वह अजनबी बोला,"भाई जी धन्य हैं आप ,जिनका बेटा देश के लिए शहीद हो गया |"

रोशनी में बूढ़े ने उस अजनबी को पहचान लिया | वे खुद महाराजा रणजीत सिंह थे |बूढ़े ने पोतों से कहा ," इनके सामने दंडवत प्रणाम करो | "और स्वयं भी प्रणाम करने लगे और थोड़ी देर बाद बोले ,"आज मुझसे बड़ा पाप हो गया है |आपसे बोझा उठवाया |" "नहीं यह पाप नहीं, मेरा सौभाग्य था कि मैं शहीद के परिवार की सेवा कर सका | आप सबकी सेवा करना मेरा फ़र्ज़ है | अब आप जीवन भर हमारे साथ रहिए और हमें कृतार्थ कीजिए |"

(i) राज्य को किस विपत्ति का सामना करना पड़ा ? उन दिनों वहाँ के राजा कौन थे और उन्होंने उस समस्या का क्या समाधान निकाला ? [2]

(ii) राजा ने राज्य में क्या घोषणा करवाई और क्यों ? [2]

(iii)बूढ़े आदमी के बारे में आप क्या जानते हैं ? उनका पूर्ण परिचय दीजिये | [2]

(iv) बूढ़े आदमी ने थोड़ा-सा अनाजही क्यों लिया था ? कारण स्पष्ट करते हुए बताइए कि उस अजनबी व्यक्ति ने उस बूढ़े की कैसे सहायता की ? [2]

(v) इस गद्यांश से मिलने वाली शिक्षाओं पर प्रकाश डालिए | [2]

**QUESTION- 4**

**Answer the following according to the instructions given :-**

**निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-** [8]

(i) 'आहार' का विलोम बताइए :- [1]

(A) शाकाहार (B) निराहार
(C) माँसाहार (D) उपहार

(ii) 'दिन ' का पर्यायवाची शब्द बताइए :- [1]

(A) निशि -वासर (B) दिवा -देव
(C) दिवस - वार (D) रजनी - रमणी

(iii) 'कमाना ' का भाववाचक शब्द बताइए :- [1]

(A) कम (B) कमी
(C) कमाऊ (D) कमाई

(iv) 'पत्थर ' का विशेषण बताइए :- [1]

(A) पथरी (B) पाथरी
(C) पत्थरशिला (D) पथरीला

(v) 'सार्मथ्य' (शब्द शुद्ध कीजिए ) [1]

(A) सर्मथ्य (B) सामरथय
(C) सामर्थ्य (D) शार्मथ्य

Pati's
ICSE ACADEMY

(vi) ' उन्नीस बीस का अन्तर ' का मुहावरे का अर्थ बताइए :- [1]

(A) अत्यधिक अन्तर होना (B) गिनती का अन्तर होना

(C) एक सामान होना (D) बहुत कम अन्तर होना

(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए - [1]

कई बार देश की रक्षा से जुड़े फैसलों को गुप्त रखा जाना आवश्यक होता है।

(रेखांकित वाक्यांश हेतु उपयुक्त शब्द का प्रयोग किस विकल्प में हुआ है । )

(A)कई बार देश की रक्षा से जुड़े फैसले रहस्यमयी होते हैं ।

(B)कई बार देश की रक्षा से जुड़े फैसले गुप्तचर होते हैं ।

(C)कई बार देश की रक्षा से जुड़े फैसले गोपनीय होते हैं ।

(D)कई बार देश की रक्षा से जुड़े फैसले अल्पचर्चित होते हैं ।

(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए : [1]

रोगी की दिशा ठीक नहीं है ।

(रेखांकित शब्द के स्थान पर उचित शब्द का प्रयोग कीजिए ।)

(A) रोग

(B) दशा

(C) दया

(D) बीमारी

## SECTION – B (40 MARKS )

## साहित्य सागर गद्य विभाग (कहानियाँ)

### QUESTION -5

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-**

मोहन बाबू की बड़ी -बड़ी गोल आँखें और भी फ़ैल गई ।

(पाठ- संदेह लेखक -जयशंकर प्रसाद )

(i) उपर्युक्त वाक्य का सन्दर्भ स्पष्ट कीजिए । [2]

(ii) मोहन बाबू ने अपनी पत्नी से क्या पुछा ? उनकी पत्नी ने क्या उत्तर दिया ? [2]

(iii) मोहन बाबू ने पत्नी का उत्तर सुनकर क्या कहा ? [3]

(iv) मोहन बाबू ने अपने ह्रदय की विक्षिप्तता का क्या कारण बताया ? [3]

### QUESTION -6

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-**

बस जरा - सी उम्र में ही इसकी मौत से पहचान हो गई - मुझे अचरज हुआ ।

(पाठ - अपना अपना भाग्य , लेखक -जैनेन्द्र कुमार )

(i) लेखक को किस बात पर अचरज हुआ ? [2]

(ii) लेखक का मित्र उस लड़के को लेकर कहाँ पहुँचा और क्यों ? [2]

(iii) वकील साहब की क्या विशेषताएँ थीं ? [3]

(iv) वकील साहब ने उस लड़के को नौकर क्यों नहीं रखा ? [3]

Pati's
ICSE ACADEMY

QUESTION- 7

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-**

मुसीबत में फँसे भेड़िये ने आखिर सियार को अपना गुरु माना और आज्ञापालन की शपथ ली।

(पाठ - भेड़ें और भेड़िए लेखक - हरिशंकर परसाई )

(i) भेड़िया किस मुसीबत में फँस गया था ? सियार ने उसे क्या आश्वाशन दिया और क्यों ? [2]

(ii) भेड़िये ने क्या शपथ ली और क्यों ? समझाकर लिखिए। [2]

(iii) सियार ने भेड़िये की सफलता के लिए क्या योजना बनाई ?समझाकर लिखिए। [3]

(iv) 'भेड़ें और भेड़िये' नामक कहानी में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए। [3]

## साहित्य सागर पद्य विभाग

QUESTION- 8

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-**

पानी बाढ़ै नाव में , घर में बाढ़े दाम।<br>
दोऊ हाथ उलीचिए , यही सयानो काम ॥<br>
यही सयानो काम , राम को सुमिरन कीजै।<br>
पर -स्वारथ के काज , शीश आगे धर दीजै ॥<br>
कह 'गिरिधर कविराय ',बड़ेन की याही बानी।<br>
चलिए चाल सुचाल ,राखिए अपना पानी।

(कविता - गिरिधर की कुण्डलियाँ कवि - गिरिधर कविराय)

(i) कवि ने दोनों हाथों से कब, क्या उलीचने की बात की है और क्यों ? [2]

(ii) सयाना व्यक्ति कौन होता है ? वह किस प्रकार का व्यवहार करता है ? [2]

(iii) "पर -स्वारथ के काज , शीश आगे धर दीजै" पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) 'चलिए चाल सुचाल ,राखिए अपना पानी ' वाक्यांश में 'पानी 'से कवि का क्या तात्पर्य है ? आपने इस कुण्डलिया से क्या सीखा ? [3]

Question 9

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-**

वह जन्मभूमि मेरी , वह मातृभूमि मेरी।<br>
जन्में जहाँ थे रघुपति , जन्मी जहाँ थी सीता ,<br>
श्रीकृष्ण ने सुनाई ,वंशी ,पुनीत गीता।<br>
गौतम ने जन्म लेकर ,जिसका सुयश बढ़ाया ,<br>
जग को दया दिखाई , जग को दिया दिखाया।<br>
वह युद्धभूमि मेरी , वह बुद्धभूमि मेरी।

Pati's
ICSE ACADEMY

(कविता - वह जन्मभूमि मेरी कवि - सोहनलाल द्विवेदी )

(i) रघुपति कौन थे ? उन्हें क्यों याद किया जाता है ? [2]

(ii) कवि को श्रीकृष्ण का स्मरण क्यों हो रहा है ? [2]

(iii) गौतम कौन थे ? उन्होंने क्या कार्य किया ? [3]

(iv) उपर्युक्त पंक्तियों के आधार पर भारत की महिमा का उल्लेख कीजिए। [3]

**Question 10**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-**

ऐसो को उदार जग माहीं।
बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं॥
जो गति जोग विराग जतन करि नहिं पावत मुनि ज्ञानी।
सो गति देत गीध सबरी कहूँ प्रभु न बहुत जिय जानी॥
जो सम्पति दस सीस अरप करि रावन सिव पहँ लीन्हीं।
सो संपदा विभीषण कहँ अति सकुच-सहित प्रभु दीन्हीं॥
तुलसीदास सब भाँति सकल सुख जो चाहसि मन मेरो।
तौ भजु राम, काम सब पूरन कर कृपिनिधि तेरो॥

(कविता - विनय के पद कवि - तुलसीदास )

(i) गीध और सबरी कौन थे ? कवि के अनुसार भगवान राम ने उनका उद्धार किस प्रकार किया ? [2]

(ii) भगवान राम ने विभीषण के प्रति किस प्रकार उदारता दिखाई ? [2]

(iii) "ऐसो को उदार जग माहीं, बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं" इन पंक्तियों की व्याख्या कीजिए। [3]

(iv) तुलसीदास किसके उपासक थे तथा किस प्रकार की भक्ति को महत्त्व देते थे ? [3]

# KARNATAKA ICSE SCHOOLS ASSOCIATION

## ICSE STD. X Preparatory Examination 2026

### Subject: SECOND LANGUAGE HINDI

**Duration: 3 Hours** **Maximum Marks: 80** **Date: 16.01.2026**

---

*Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.*

*You will not be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

*The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

---

*Section A is compulsory. All questions in Section A must be answered.*

*Attempt any four questions from Section B, answering at least one question each from the two books you have studied and any two other questions from the same books you have studied.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

## SECTION - A (40 Marks)

*Attempt all questions from this Section*

**Question – 1**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics :-** **[15]**

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग १५० शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :-**

(i) तकनीकी विकास ने हमारा जीवन सरल तथा सुगम बना दिया है । किसी एक तकनीक के विषय में विस्तार से बताते हुए यह स्पष्ट कीजिए कि यह तकनीक हमारे देश के विकास में किस प्रकार सहयोगी है ?

(ii) आधुनिक युग में युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता बल्कि अन्य समस्याओं का जनक है । इस विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(iii) जीवन में खेलकूद मनोरंजन प्रदान करने के साथ -साथ सुख समृद्धि भी देते हैं । विद्यार्थी जीवन में इसकी उपयोगिता बहुत अधिक है |अपने किसी प्रिय खेल का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(iv) एक मौलिक कहानी लिखिए, जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो- "बिना विचारे जो करे सो पाछे पछताए।"

(v) नीचे दिए चित्र को ध्यान से देखिए और मन में उभरते विचार कहानी अथवा लेख के रूप में लिखिए। आपकी कहानी का सीधा संबंध चित्र से होना आवश्यक है।



**Question – 2**

**Write a letter in Hindi of approximately 120 words on any one of the topics given below:-**

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए :-** [7]

(i) आपका भाई अपना अधिकांश समय मोबाइल फ़ोन के उपयोग में बिताता है। मोबाइल फ़ोन के अधिक उपयोग करने से होने वाली हानियों का उल्लेख करते हुए, उसे पत्र लिखिए।

**अथवा**

(ii) आपके क्षेत्र में सडकों पर बहुत अधिक पानी जमा हो जाता है, क्योंकि अधिकांश सड़के टूटी हुई हैं। जगह -जगह 'स्पीड ब्रेकर' यातायात में सहायक न होकर बाधक बन गए हैं। इस परिस्थिति की पूर्ण जानकारी देते हुए नगर निगम के अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए।

**Question – 3**

**Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible :-**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :-**

जापान में समुद्रतट के समीप ही एक टीले पर एक परिवार बसता था। उसके खेत भी टीले पर ही थे। समुद्र के तट पर टीले से नीचे एक गाँव था। शीतकाल समाप्त हो गया था। बसंत ऋतु ने चारों ओर अपना उल्लास बिखेर दिया था। खेतों में फसलों की सुनहरी बालियाँ झूम रही थीं। ऐसे आनन्दपूर्ण समय में उस गाँव में प्रतिवर्ष के समान वसन्त ऋतु के स्वागत के लिए एक मेले का आयोजन किया गया।

आसपास की बस्तियों से स्त्री-पुरुष, बालक-युवा रंग-बिरंगे कपड़े पहन कर मेले में आए थे। एक विशाल जन-समुदाय एकत्रित हुआ था। लोग खाने-पीने, वस्तुएँ खरीदने, गाने-बजाने तथा आनन्द मनाने में मस्त थे। गाँवों में कतिपय वृद्ध-जन घर तथा खेतों की रखवाली के लिए बच गए थे।

समुद्रतट के समीप के टीले पर जो परिवार रहता था, उसके सदस्य भी कुछ सज-धजकर नीचे मेले में चले गए थे। कुछ ऊपर बैठे-बैठे मेले का आनन्द ले रहे थे। उस परिवार का वृद्ध सदस्य हागामुची घर से बाहर बैठा अपने पोते को गोद में खिला रहा था, साथ ही मेले पर भी दृष्टि डाल लेता था।

हागामुची अचानक चौंक गया ! उसकी दृष्टि मेले से हटकर समुद्र पर पड़ी, पौत्र को गोद से उतारकर, उसे नीचे बैठाकर वह उठ खड़ा हुआ। समुद्र का जल अकस्मात अस्वाभाविक रूप से बहुत पीछे हट गया था। हागामुची के मन में प्रश्न उठा-"यह क्या हुआ? समुद्र का जल इस प्रकार एक-साथ पीछे क्यों हटा ?"

समुद्र में पहले जहाँ जल था, वहीं रेत दिख रही थी। हागामुची को अपने बचपन की एक घटना का स्मरण हुआ और वह काँप गया। तब वह बहुत छोटा था, उस समय भी समुद्र पीछे हटा था, रेत भी दिखाई पड़ी थी। उसके बाद ही आकाश छूती लहरें उमड़ पड़ी थीं। समुद्रतट से दूर तक के गाँव जलमग्न हो गए थे। हागामुची की दृष्टि दूर समुद्र पर ही टिकी थी। उसे लगा कि बहुत दूर जल में भारी उथल-पुथल मची है।

हागामुची ने लोगों को पुकारना प्रारम्भ किया, किन्तु मेले के शोरगुल में उसकी पुकार कौन सुनता ? एक ही उपाय था, लोगों की प्राणरक्षा का, कि सब लोग अविलम्ब टीले पर चढ़ जाएँ, किन्तु यह कैसे हो ? हागामुची के मन में एक विचार आया। उसने चूल्हे से जलती लकड़ी निकाली और अपने खेतों में आग लगाने दौड़ पड़ा। खड़ी पकी फसल-वर्ष भर के निर्वाह का आधार, किन्तु मनुष्यों के प्राणों का मूल्य उससे कहीं अधिक था।

हागामुची ने क्षितिज को छूती समुद्र की लहरें देखीं। उसे लगा कि खेतों के जलने पर मेले के राग-रंग में डूबे लोग ध्यान नहीं दे रहे हैं; तभी हागामुची ने बिना क्षण भर गँवाए अपने घर में आग लगा दी, घर धू-धू करके जलने लगा।

"यह क्या ? क्या कह रहें हैं आप?" घर के जो सदस्य टीले पर थे, चिल्लाते हुए घर से बाहर भागे। उन्हें लगा कि बूढ़ा पागल हो गया है; किन्तु लोग रोकें, इससे पूर्व ही घर से ऊँची लपटें उठने लगी थीं। मेले में सुरक्षा के लिए आए दमकलों के घंटे घनघनाने लगे। भीड़ ने लपटें देखीं, लोग टीले पर दौड़े। दुकान, सामान सब छोड़कर लोग हागामुची के घर की अग्नि बुझाने टीले पर चढ़े। इतने में तो जैसे प्रलयकाल आ गया। समुद्र एक साथ उमड़ पड़ा। आस-पास मीलों तक लहरें हाहाकार करती दौड़ पड़ी। टीले पर मेले के प्रायः सभी मनुष्य पहुँच चुके थे, उनका जीवन सुरक्षित हो गया था। अपने सर्वस्व की आहुति देकर हागामुची ने उन्हें बचा लिया था। हागामुची की मूर्ति बनाकर बाद में लोगों ने मन्दिर में रखी।

(i) मेला कहाँ और क्यों आयोजित किया जाता था ? **[2]**

(ii) मेले में कौन आए थे ? वे किस प्रकार आनन्द मना रहे थे ? **[2]**

(iii) हागामुची को बचपन की किस घटना का स्मरण हुआ और क्यों ? **[2]**

(iv) लोगों की प्राण-रक्षा के लिए हागामुची ने क्या उपाय किए ? **[2]**

(v) लोगों ने हागामुची की मूर्ति बनाकर मन्दिर में क्यों रखी ? **[2]**

**Question – 4**

**Answer the following according to the instructions given below :-**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** [8]

**(i) 'उर्वर' का विलोम शब्द बताइए :**

(a) ऊसर

(b) प्रचुर

(c) आद्र

(d) उसर

**(ii) 'नौका' का उचित पर्यायवाची शब्द बताइए :**

(a) तारिणी -तरी

(b) पोत – तरिणी

(c) नाव -सलिला

(d) तरी -मकर

**(iii) 'लोभी' की भाववाचक संज्ञा बताइए :**

(a) लालची

(b) लोभ

(c) लाचार

(d) लोभपन

**(iv) 'अपेक्षा' का विशेषण बताइए :**

(a) अपेक्षित

(b) उपेक्षा

(c) आपेक्षा

(d) आपेक्षित

**(v) 'भष्टार्चार' का शुद्ध रूप बताइए :**

(a) भष्टाचार

(b) भाष्टार्चार

(c) भृष्टाचार

(d) भ्रष्टाचार

**(vi) 'घड़ों पानी पड़ जाना' मुहावरे का अर्थ बताइए :**

(a) भीग जाना

(b) गुस्सा करना

(c) अत्यंत लज्जित होना

(d) घड़े से पानी पीना

(vii) **निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :**

**विद्वान पुरुष सम्राट के साथ रहता है । (लिंग बदलिए)**

(a) विद्वान पुरुष सम्राज्ञी के साथ रहता है ।

(b) विदुषी महिला सम्राट के साथ रहती है ।

(c) विदुषी महिला सम्राज्ञी के साथ रहती है ।

(d) विदुषी महिलाएँ सम्राज्ञी के साथ रहती है ।

(viii) **निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :**

**जो विद्यार्थी <u>जानने की इच्छा रखता है</u> वो किसी भी बात को जल्दी सीख जाता है ।**

**(रेखांकित वाक्यांश हेतु उपयुक्त शब्द का प्रयोग किस विकल्प में हुआ है)**

(a) सीखने वाला विद्यार्थी किसी भी बात को जल्दी सीख जाता है ।

(b) ज्ञानी विद्यार्थी किसी भी बात को जल्दी सीख जाता है ।

(c) जिज्ञासु विद्यार्थी किसी भी बात को जल्दी सीख जाता है ।

(d) बुद्धिमान विद्यार्थी किसी भी बात को जल्दी सीख जाता है ।

## <u>SECTION - B (40 Marks)</u>

*Questions from only two textbooks are to be answered.*
*Attempt four questions from this section.*
*You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions from the same books that you have chosen*

### साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ
### SAHITYA SAGAR - SHORT STORIES

<u>Question – 5</u>

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**बेनीमाधव सिंह पुराने आदमी थे । इन भावों को ताड़ गए । उन्होंनें निश्चय किया कि चाहें कुछ भी क्यों न हो, इन द्वेषियों को ताली बजाने का अवसर न दूँगा । तुरंत कोमल शब्दों में बोले " बेटा, मैं तुमसे बाहर नहीं हूँ । तुम्हारा जो जी चाहे करो, अब तो लडके से अपराध हो गया । "**

**बड़े घर की बेटी - प्रेमचंद**
Bade Ghar Ki Beti - Premchand

(i) उपर्युक्त कथन के वक्ता एवं श्रोता का परिचय दीजिए । **[2]**

(ii) 'इन भावों को ताड़ गए' कथन किस सन्दर्भ में कहा गया है ? श्रोता ने उसे क्यों नहीं समझा था ? स्पष्ट कीजिए। **[2]**

(iii) किस लड़के से, कौनसा अपराध हो गया था और क्यों ? समझाकर लिखिए । **[3]**

(iv) क्या श्रोता ने अपने भाई को उसके अपराध के लिए माफ़ किया ? श्रोता का हृदय परिवर्तन कराने में कौन, किस प्रकार सहायक था ? **[3]**

## Question – 6

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**ज्यों -ज्यों चुनाव समीप आता, भेड़ों का उल्लास बढ़ता जाता ।**
**ज्यों -ज्यों चुनाव समीप आता, भेडियों का दिल बैठता जाता**

**भेड़ें और भेड़िए - श्री हरिशंकर परसाई**
**Bhede or Bhedye - Shree Hrishnkar Parsaai**

(i) चुनाव कहाँ होने वाला था और क्यों ? **[2]**

(ii) भेड़ोंके उल्लसित होने का क्या कारण था ? क्या उनका उल्लास चिर स्थायी रहा ? **[2]**

(iii) 'दिल बैठना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । भेडियों का दिल बैठने का क्या कारण था ? क्या उनका दिल बैठना उचित था ? **[3]**

(iv) 'भेड़ें और भेड़िए' कहानी वर्तमान प्रजातांत्रिक चुनाव प्रणाली का सच्चा स्वरूप प्रस्तुत करती है -कैसे ? पाठ के उदाहरण से कथन स्पष्ट कीजिए । **[3]**

## Question – 7

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**विपत्ति में भी मेरे पति ने धर्म नहीं छोड़ा। धन्य हैं मेरे पति! सेठ के चरणों की रज मस्तक पर लगाते हुए बोली, "धीरज रखें,भगवान सब भला करेंगे।"**

**'महायज्ञ का पुरस्कार' - लेखक- यशपाल**
**Mahayagya kaa Purskar - Yashpal**

(i) विपत्ति में भी सेठजी ने अपना कौनसा धर्म निभाया और कैसे ? **[2]**

(ii) वक्ता ने अपने पति की रज मस्तक पर क्यों लगाई ? **[2]**

(iii) 'महायज्ञ का पुरस्कार' कहानी के द्वारा लेखक ने क्या संदेश दिया है ? **[3]**

(iv) प्रस्तुत पाठ के आधार पर सेठ जी की विशेषताएँ बताइए। **[3]**

### एकांकी संचय
### EKANKI SANCHAY

## Question – 8

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**'इस फ़र्नीचर पर हमारे बाप-दादा बैठते थे, पिता बैठते थे, चाचा बैठते थे। उन लोगों को कभी शर्म नहीं आई, उन्होंने कभी फ़र्नीचर के सड़े-गले होने की शिकायत नहीं की।'**

**"सूखी डाली"- उपेंद्रनाथ' अश्क़**
**Sukhi Dali - Upendhanaath Ashk**

(i) उपर्युक्त अवतरण का वक्ता कौन है और इस समय वह किससे और क्यों बहस कर रहा है ? **[2]**

(ii) श्रोता बेला के मायके और ससुराल में क्या अंतर है ? **[2]**

(iii) घर के फ़र्नीचर के बारे में वक्ता की राय क्या थी और वह उसे क्यों नहीं बदलना चाहता था ? **[3]**

(iv) 'सूखी डाली' एकांकी किस पृष्ठ भूमि पर आधारित है? इसके शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए। **[3]**

## Question – 9

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**बहुत भोली माताजी बहुत प्यारी, जो एक बार देख लेता है, वह फिर उस रूप को भुला नहीं सकता। बार-बार देखने को मन करता है। बड़ी-बड़ी काली आँखें, उनमें शैशव की भोली मुस्कराहट, अनजाने में ही लज्जा से लाल हुए कपोलों पर रहने वाली ऐसी हंसी।**

**संस्कार और भावना- विष्णु प्रभाकर**

**Sanskar or Bhavna - Vishnu Prabhakar**

(i) उपर्युक्त वाक्य का वक्ता कौन है ? यह श्रोता को किसके विषय में बता रही है ? [2]

(ii) वक्ता ने बड़ी बहू के चरित्र तथा रूप का वर्णन किस प्रकार किया ? [2]

(iii) संस्कारों की दासता के कारण माँ को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ? [3]

(iv) संस्कारों और भावनाओं में से आप किसको अधिक महत्त्व देते हैं और क्यों ? इस विषय में आप अपने विचार व्यक्त कीजिए । [3]

## Question – 10

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**जिस राज्य पर रत्ती भर भी अधिकार नहीं था, उसी को पाने के लिए तुमने युद्ध ठाना, यह स्वार्थ का तांडव नृत्य नहीं तो और क्या है? भला किस न्याय से तुम राज्याधिकार की माँग करते थे ?**

**महाभारत की एक साँझ -**

**लेखक- भारत भूषण अग्रवाल**

**Mahabharat ki ek Sanjh - Bharat Bhushan Agraval**

(i) उपर्युक्त अवतरण के वक्ता तथा श्रोता के बारे में बताइए। [2]

(ii) उपर्युक्त अवतरण में किस अधिकार की बात की जा रही है ? [2]

(iii) प्रस्तुत एकांकी का उद्देश्य लिखिए। [3]

(iv) महाभारत के युद्ध से हमें कौन-सी सीख मिलती है ? [3]

## साहित्य सागर - पद्य भाग
## SAHITYA SAGAR - PADYA BHAG

**Question - 11**

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**साईं सब संसार में ,मतलब का व्यवहार ।**
**जब लग पैसा गांठ में, तब लग ताके यार ।**
**तब लग ताको यार, यार संग ही संग डोल**
**पैसा रहे न पास, यार मुख से नहीं बोले ।**
**कह ' गिरधर कवियार' जगत यही लेखा भाई ।**
**करत बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साईं ।।**

**गिरधर की कुंडलियाँ - गिरिधर कविराय**
Girdhar ki kundliya - Giridhar kaviray

(i) संसार में लोग कैसा व्यवहार करते हैं ? **[2]**

(ii) लोग मित्र किसे बनाते हैं और क्यों ? **[2]**

(iii) लोग किनसे बाते करना पसंद नहीं करते और क्यों ? **[3]**

(iv) किस प्रकार के लोग बिरला होते हैं ? समझाइए । **[3]**

**Question – 12**

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**खीजन जात, माखन खात ।**
**अरुण लोचन, भौंह टेड़ी, बार -बार ज्म्हात ।**
**कबहुँ रुनझुन चलत घुटुरन, धूर-धूसर गात ।**
**कबहुँ झुक के अलक खेचत ,नैन जल भर लात ।**
**कबहुँ तुतरे बोल बोलत, कबहुँ बोलत तात ।**
**'सूर' हरि की निरखि सोभा, निमिख तजत न मात ।**

**सूर के पद : सूरदास**
Sur ke Pad : Surdas

(i) प्रस्तुत पद में सूरदासजी ने कृष्ण के किस रूप का चित्रण किया है तथा कृष्ण की झल्लाहट का क्या कारण है ? **[2]**

(ii) कृष्ण झल्लाहट में क्या -क्या कह रहे हैं ? **[2]**

(iii) सूर की भक्ति भावना बताते हुए उनका संक्षिप्त परिचय लिखिए | **[3]**

(iv) पद के आधार पर निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- **[3]**

लोचन, धूल -धूसर, गात, निरखि, तजत, घुटुरन

**Question – 13**

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**'चाट रहे जूठी पत्तल वे कभी सड़क पर खड़े हुए**
**और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए ।'**

**भिक्षुक - सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'**

**Bhikshuk - Suryakant Tripathi 'Nirala'**

(i) ' वे ' कौन हैं और क्या कर रहे हैं ? **[2]**

(ii) इस कार्य में उन्हें किससे लड़ना पड़ता है और क्यों ? **[2]**

(iii) उस व्यक्ति के साथ और कौन हैं तथा उनकी क्या दशा है ? **[3]**

(iv) यह कविता किस समस्या पर प्रकाश डालती है ? इसके कारण व सुझाव लिखिए । **[3]**

**नया रास्ता - सुषमा अग्रवाल**

**NAYA RAASTA - SUSHMA AGARWAL**

**Question – 14**

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**"यह सब समय का फेर है, दीदी ! मेरे भाग्य में यही सब लिखा था । मुझे एक फैक्ट्री में नौकरी मिल गई थी । मैं अपने को बहुत खुशनसीब समझ रहा था कि मुझे इतनी छोटी उम्र में ही नौकरी मिल गई।"**

(i) ' दीदी ' कह कर किसे संबोधित किया गया है ? वक्ता का संक्षिप्त परिचय दीजिए । **[2]**

(ii) ' समय का फेर ' किसे कहा जा रहा है और इस समय के फेरे से वक्ता पर क्या प्रभाव पड़ा था ? **[2]**

(iii) ' दीदी ' ने वक्ता की सहायता क्यों, कब और किस प्रकार से की थी ? **[3]**

(iv) अवतरण में दी गई पंक्तियों के आधार पर उदाहरण सहित सिद्ध कीजिए कि मुसीबत में पड़े व्यक्ति की सहायता करना ही मनुष्य का सब से बड़ा धर्म और कर्तव्य होता है । **[3]**

## Question - 15

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**उसके हृदय में तूफ़ान उठता कि वह एक लड़की जरूर है, परन्तु उसके अन्दर हिम्मत तथा साहस है । मीनू अभी अपनी पढ़ाई में तल्लीन थी कि अचानक उसे ख्याल आया कि परसों उसे नीलिमा की शादी में जाना है ।**

(i) मीनू बचपन से पढ़ाई में कैसी थी ? अभी वह कौन - सी पढ़ाई कर रही थी ? **[2]**

(ii) मीनू ने नीलिमा की शादी में कितने दिन पहले जाने का निश्चय किया ? तथा विवाह के उपलक्ष्य में उसे भेंट देने के लिए मीनू ने क्या खरीदा ? **[2]**

(iii) नीलिमा कौन थी ? उसकी शादी कहाँ हो रही थी ? मीनू के पूछने पर उसने अपने होने वाले पति के बारे में क्या -क्या बताया ? **[3]**

(iv) नीलिमा के विवाह में मीनू द्वारा गाए गए मधुर गीत की प्रशंसा करने वाला नवयुवक कौन था ? उसके मुँह से प्रशंसा सुनकर मीनू प्रसन्न क्यों नहीं हुई ? **[3]**

## Question – 16

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**"दूसरे ही क्षण मीनू उसके सामने आ गई और खुशी से उसके हाथ चूम लिए । अरे मीनू ,आज तो बहुत प्रसन्न दिखाई दे रही हो । क्या बात है ? नीलिमा ने पूछा ।"**

(i) मीनू कौन है ? उसकी प्रसन्नता का कारण क्या है ? **[2]**

(ii) 'उसके 'सर्वनाम का प्रयोग किसके लिए किया गया है ? **[2]**

(iii) मीनू के चेहरे पर किस बात को सोचकर उदासी छा जाती है ? मीनू की उदासी कब और किस प्रकार दूर होती है ? समझाकर लिखिए । **[3]**

(iv) प्रस्तुत उपन्यास का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । **[3]**

****************************************

# QUESTION PAPER 9

**Bombay Scottish School, Powai**
PRELIMINARY EXAMINATION (2025-26)
HINDI

Grade: 10 | MM: 80
Date: 12.01.2026 | No. of Qs: 10
Time: 3 hours | No. of Pgs.: 6

**General Instructions:**
Answers to the questions must be written on the paper provided separately. Do not write anything on the question paper. You will **not** be allowed to write during the **first 15 minutes**. This time is to be spent reading the question paper. The time given at the head of this paper is the time allowed to write the answers.
Attempt **all** questions from **Section A** and **any four** questions from **Section B**. The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].

## SECTION-A (40 marks)
(Attempt **all** questions from this section)

**Question 1.**
**Write a short composition in Hindi of approximately two hundred fifty (250) words on any one of the following topics -**

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग २५० शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :** [15]


i) कम्प्यूटर तथा मोबाइल मनोरंजन के साथ-साथ हमारी ज़रूरत का साधन अधिक बन गए हैं। हर क्षेत्र में इनसे मिलने वाले लाभों तथा हानियों का वर्णन करते हुए, अपने विचार लिखिए।

ii) 'वन है तो भविष्य है' आज हम उसी भविष्य को नष्ट कर रहे हैं, कैसे ? कथन को स्पष्ट करते हुए जीवन में वनों के महत्त्व पर अपने विचार लिखिए।

iii) यात्रा एक उत्तम रुचि है। यात्रा करने से ज्ञान तो बढ़ता ही है, स्थान विशेष की संस्कृति तथा परंपराओं का परिचय भी मिलता है। अपनी किसी यात्रा के अनुभव तथा रोमांच का वर्णन करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

iv) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार हो –'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।'

v) नीचे दिए गए चित्र को देखकर मन में उठने वाले भावों और विचारों को अपने शब्दों में लिखिए, लेख या कहानी के रूप में, पर ध्यान रहे कि उसका सीधा व स्पष्ट संबंध इस चित्र से हो।



Pati's ICSE ACADEMY

**Question 2.**
**Write a letter in Hindi of approximately 120 words on any one of the following topics -**
**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए।** [7]

i) आपके जन्म-दिवस के अवसर पर आपके मामाजी उपहार भेजते हैं इसके लिए उन्हें आभार-पत्र लिखिए।

**या**

ii) आपकी कॉलोनी में कुछ असामाजिक तत्त्व (Antisocial elements) आकर बस गए हैं। उनकी गुंडागर्दी बढ़ने के कारण नागरिकों का जीवन कठिन हो गया है। अपने शहर के 'पुलिस कमिश्नर' को पत्र लिखकर उनकी शिकायत कीजिए तथा सुव्यवस्था के लिए शीघ्र कदम उठाए जाने की प्रार्थना कीजिए।

**Question 3.**
**Read the passage given below carefully and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible.**
**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर, उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में अपने शब्दों में लिखिए -**

पंजाब में उस वर्ष भयंकर अकाल पड़ा था। उन दिनों वहाँ महाराणा रणजीत सिंह का राज था। उन्होंने यह घोषणा करवा दी, "महाराज के आदेश से शाही भण्डार-गृह हर जरूरतमंद के लिए खुला है। प्रत्येक ज़रूरतमंद एक बार में जितना उठा सके, ले जाए।" यह घोषणा सुनते ही गाँवों व शहरों से ज़रूरतमंदों की भीड़ राजमहल में उमड़ पड़ी। उन दिनों लाहौर में एक सद्‌गृहस्थ बूढ़े सज्जन रहते थे। वे कट्टर सनातनी विचारों के थे। उन्होंने जीवन में कभी भी किसी के आगे अपना हाथ नहीं फैलाया था। अँधेरा होने पर वह शाही भण्डार के दरवाजे पर पहुँचे। द्वार खुला था किसी तरह की कोई जाँच-पड़ताल नहीं हुई। उन्होंने बड़े संकोच से अपनी चादर को फैलाया, उसके कोने में थोड़ा सा अनाज बाँध लिया। ज्यादा अनाज उठाना उनके लिए मुश्किल था। इतने में पगड़ी बाँधे एक व्यक्ति वहाँ आया। उसने कहा, "भ्राताजी आपने तो काफी कम अनाज लिया है।" बूढ़े सज्जन ने कहा, "असल में मैं बूढ़ा लाचार हूँ। इस अकाल में तो थोड़ा अनाज लेना ही सही है, जिससे सब ज़रूरतमंदों को मिल जाए।" उस व्यक्ति ने बूढ़े की गठरी खोल दी। उसमें भरपूर अनाज भर दिया।

बूढ़े सज्जन ने कहा, "मैं इतना अनाज नहीं उठा सकता और न ही इसकी मजदूरी का पैसा दे सकता हूँ।" इतने में उस अजनबी ने बूढ़े की गठरी अपने कन्धों पर ले ली और बूढ़े के पीछे-पीछे चल पड़ा। जब वे बूढ़े के घर के द्वार पर पहुँचे तो वहाँ दो बच्चे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्हें देखते ही वे बोले – "बाबा, कहाँ चले गए थे ?" बूढ़ा खामोश रहा। अजनबी ने कहा, "घर में कोई बड़ा लड़का नहीं है ?" बूढ़ा बोला, "लड़का था लेकिन काबुल की लड़ाई में शहीद हो गया। अब बहू है तथा मेरे ये पोते हैं।" वह अजनबी बोला, "भाई जी धन्य हैं आप, जिनका बेटा देश के लिए शहीद हो गया।" रोशनी में बूढ़े ने उस अजनबी को पहचान लिया। वे खुद महाराजा रणजीत सिंह थे। बूढ़े ने पोतों से कहा, "इनके सामने दंडवत प्रणाम करो।" और स्वयं भी प्रणाम करने लगे और थोड़ी देर बाद बोले, "आज मुझसे बड़ा पाप हो गया। आपसे बोझा उठवाया।" नहीं, यह पाप नहीं, मेरा सौभाग्य था कि मैं शहीद के परिवार की सेवा कर सका। आप सबकी सेवा करना मेरा फ़र्ज है। अब आप जीवन भर हमारे साथ रहिए और हमें कृतार्थ कीजिए।" यह सुनकर बूढ़े सज्जन के नेत्रों से अश्रुधारा बह निकली। हवा में एक मौन-सा श्रद्धा का वातावरण भर गया। इतने में आस-पड़ोस के लोग भी दायीं-बायीं खिड़कियों से झाँकते हुए बाहर आ गए। सभी यह दृश्य देखकर अभिभूत थे। महाराजा ने बूढ़े के पोतों के सिर पर स्नेह से हाथ फेरा और बोले, "इन बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, परवरिश और भविष्य की पूरी जिम्मेदारी

Pati's ICSE ACADEMY

अब मेरी है। ये बच्चे बड़े होकर अपने दादा की तरह कर्तव्यनिष्ठ और अपने पिता की तरह वीर बनेंगे।" महाराजा की ये बातें सुनकर बूढ़े का हृदय गर्व और कृतज्ञता से भर उठा, और पहली बार उसे लगा कि संकट के इस कठिन समय में भी मानवता का हाथ कितना विशाल और करुणामय हो सकता है।

i) किस राज्य को किस विपत्ति का सामना करना पड़ा था ? उन दिनों वहाँ के राजा कौन थे ? [2]

ii) राजा ने राज्य में क्या घोषणा करवाई ? [2]

iii) बूढ़े आदमी के बारे में आप क्या जानते हैं ? उनका परिचय दीजिए। [2]

iv) अजनबी के पूछने पर बूढ़े आदमी ने अपने परिवार के बारे में क्या बताया ? [2]

v) महाराजा ने बूढ़े के पोतों के सिर पर स्नेह से हाथ फेरकर क्या कहा ? [2]

**Question 4.**

Answer the following questions according to the instructions given :-

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :- [8]

i) 'आनंद' का पर्यायवाची बताइए :

a) हर्ष , प्रसन्नता

b) प्रासन्नता , हर्श

c) हार्स , खुशी

d) हर्श , खुशी

ii) 'विरोध' का विशेषण बताइए :

a) विरोधि

b) विरोधी

c) विरधी

d) वीरोधी

iii) 'कृत्रिम' का विलोम बताइए :

a) स्वाभावक

b) स्वभाविक

c) स्वाभाविक

d) स्वाभविक

iv) 'राष्ट्र' की भाववाचक संज्ञा बताइए :

a) राष्ट्रयता

b) राष्ट्रीता

c) रष्ट्रयता

d) राष्ट्रीयता

Pati's
ICSE ACADEMY

v) 'हाथ मलना' – मुहावरे का सही अर्थ बताइए :

a) रुकावट डालना
b) पछताना
c) हाथ मारना
d) हाथ लगाना

vi) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

क. धोबी कपड़े धो रहा है। (लिंग बदलिए)

a) धुबीन कपड़ा धो रहा है।
b) धोबीन कपड़े धो रहि है।
c) धोबिन कपड़े धो रही है।
d) धॉबीन कपड़े धो रही है।

ख. विद्यार्थी को जानने की इच्छा रखने वाला होना चाहिए। (रेखांकित अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द बताइए।)

a) विद्यार्थी को ज्ञासू होना चाहिए।
b) विद्यार्थी को आदर्श होना चाहिए।
c) विद्यार्थी को जिज्ञासु होना चाहिए।
d) विद्यार्थी को अनुकरण करनेवाले होना चाहिए।

ग. इतनी आयु होने पर भी वह विवाहित नहीं है। ('नहीं' हटाइए परन्तु वाक्य का अर्थ न बदले।)

a) इतनी आयु होने पर भी वह साविवहित है।
b) इतनी आयु होने पर भी वह आविवाहित है।
c) इतनी आयु होने पर भी वह व्याविवाहित है।
d) इतनी आयु होने पर भी वह अविवाहित है।

## SECTION-B (40 Marks)

(Attempt **any four** questions from this section)

### साहित्य-सागर (कहानियाँ)

**Question 5.**

**Read the extracts given below and answer in Hindi the questions that follow:-**
**निम्नलिखित अवतरणों को पढ़कर उनके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-**

"अकस्मात् दिन फिरे और सेठ को गरीबी का मुँह देखना पड़ा। संगी-साथियों ने भी मुँह फेर लिया।"

[महायज्ञ का पुरस्कार - यशपाल]

i) अकस्मात् किस सेठ के दिन फिरे और उनको गरीबी का मुँह क्यों देखना पड़ा ? [2]

ii) 'संगी-साथियों ने भी मुँह फेर लिया'- पंक्ति द्वारा समाज की किस दुर्बलता की ओर संकेत किया गया है ? [2]

iii) उन दिनों क्या प्रथा प्रचलित थी ? विपदग्रस्त सेठानी ने अपने पति को क्या सलाह दी ? [3]

iv) सेठानी की बात मानकर सेठ जी कहाँ गए ? धन्ना सेठ की पत्नी के बारे में क्या अफ़वाह थी ? [3]

Pati's ICSE ACADEMY

**Question 6.**

इसी नगरपालिका के उत्साही बोर्ड या प्रशासनिक अधिकारी ने एक बार 'शहर' के मुख्य चौराहे पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की एक संगमरमर की प्रतिमा लगवा दी यह कहानी उसी प्रतिमा के बारे में है, बल्कि उसके भी एक छोटे-से हिस्से के बारे में।

['नेता जी का चश्मा' - स्वयं प्रकाश]

i) हालदार साहब कब, कहाँ-से और क्यों गुजरते थे ? [2]

ii) नगरपालिका के कार्यों के बारे में बताइए। [2]

iii) कस्बे का वर्णन कीजिए। [3]

iv) शहर के मुख्य बाज़ार में प्रतिमा किसने लगवाई थी और उस प्रतिमा की क्या विशेषता थी ? [3]

**Question 7.**

"कहाँ की आसमानी बातें करता है ? अरे, हमारी जाति कुल दस फीसदी है और भेड़ें तथा अन्य छोटे पशु नब्बे फीसदी। भला वे हमें काहे को चुनेंगे। अरे, जिंदगी अपने को मौत के हाथ सौंप सकती है ? मगर हाँ, ऐसा हो सकता, तो क्या बात थी !"

['भेड़ें और भेड़िए' - हरिशंकर परसाई]

i) भेड़ियों ने यह क्यों सोचा कि अब संकटकाल आ गया है ? [2]

ii) उपर्युक्त पंक्तियों के वक्ता तथा श्रोता का परिचय दीजिए। इस कहानी में बूढ़ा सियार किसका प्रतीक है ? [2]

iii) बूढ़े सियार ने किसको सर्कस में जाने की सलाह दी ? इस कहानी में भेड़ें और भेड़िये किसका प्रतीक हैं ? [3]

iv) 'भेड़ें और भेड़िये' कहानी द्वारा हमें क्या संदेश मिलता है ? [3]

## साहित्य-सागर (कविताएँ)

**Question 8.**

गुन के गाहक सहस, नर बिन गुन लहै न कोय।
जैसे कागा कोकिला, शब्द सुनै सब कोय॥
शब्द सुनै सब कोय, कोकिला सबै सुहावन।
दोऊ के एक रंग, काग सब भये अपावन॥
कह गिरिधर कविराय, सुनो हो ठाकुर मन के।
बिनु गुन लहै न कोय, सहस नर गाहक गुन के॥
साँई या संसार में, मतलब का व्यवहार।
जब लग पैसा गाँठ में, तब लग ताको यार॥
तब लग ताको यार, यार संग ही संग डोले।
पैसा रहे न पास, यार मुख से नहिं बोले॥
कह गिरिधर कविराय जगत यहि लेखा भाई।
करत बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साँई॥

['गिरिधर की कुंडलियाँ' - गिरिधर कविराय]

Pati's ICSE ACADEMY

i) 'गुन के गाहक सहस, नर बिन गुन लहै न कोय' – पंक्ति का भावार्थ लिखिए। [2]

ii) संसार में किस प्रकार का व्यवहार प्रचलित है ? विस्तार में लिखिए। [2]

iii) कौए और कोयल के उदाहरण द्वारा कवि क्या स्पष्ट करते हैं ? [3]

iv) शब्दार्थ लिखिए – a) कागा b) बेगरजी c) बिरला d) सहस e) प्रीति f) लेखा [3]

**Question 9.**

"मैया मेरी, चंद्र खिलौना लेहौं ॥
धौरी को पय पान न करिहौं,
बेनी सिर न गुथैहौं। मोतिन माल न धरिहौं उर पर, झंगुलि कंठ न लैहौं।
जैहौं लोट अबहिं धरनी पर, तेरी गोद न ऐहौं ॥
लाल कहैहौं नंद बाबा को, तेरो सुत न कहैहौं ॥"
कान लाय कछु कहत जसोदा , दाउहिं नाहिं सुनैहों
चन्दा हूँ ते अति सुंदर तोहिं , नवल दुलहिया ब्यैहौं ॥
तेरी सौं , मेरी सुन मैया, अबहिं ब्याहन जैहौं ॥
'सूरदास' सब सखा बराती, नूतन मंगल गैहौं ॥

['सूर के पद '- सूरदास ]

i) प्रस्तुत पद्य में कौन अपनी माता से जिद कर रहे हैं ? वे क्या प्राप्त करना चाहते हैं ? [2]

ii) अपनी जिद पूरी न होने पर बाल कृष्ण अपनी माता को क्या-क्या कह रहे हैं ? [2]

iii) यशोदा माता श्रीकृष्ण को मनाने के लिए क्या कहती है ? [3]

iv) माँ यशोदा की बात सुनकर श्रीकृष्ण की क्या प्रतिक्रिया हुई ? [3]

**Question 10.**

जन्मे जहाँ थे रघुपति, जन्मी जहाँ थी सीता।
श्रीकृष्ण ने सुनाई, थी पुनीत गीता।
गौतम ने जन्म लेकर, जिसका सुयश बढ़ाया।
जग को दया सिखाई, जग को दिया दिखाया ॥
वह युद्धभूमि मेरी, वह बुद्धभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी ॥

['वह जन्मभूमि मेरी '- सोहनलाल द्विवेदी]

(i) प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने भारत को किन-किन महापुरुषों की भूमि कहा है ? [2]

(ii) शब्दार्थ लिखिए - a) रघुपति b) दिया c) पुनीत d) जग [2]

(iii) कवि ने भारत भूमि के प्रति अपने प्रेम का क्या कारण बताया है ? कवि ने भारत को युद्धभूमि और बुद्धभूमि क्यों कहा है ? [3]

(iv) कविता का केंद्रीय भाव विस्तार में लिखिए। [3]

*******************************

Pati's ICSE ACADEMY

# QUESTION PAPER 10

The Cathedral & John Connon School

Preliminary Examination

Sub: Hindi

Std: X

Date: 05/01/2026

Marks: 80

Time: 3 hrs

Maximum Marks: 80

Time allowed: Three hours

Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.

You will not be allowed to write during the first 15 minutes.

This time is to be spent in reading the question paper.

The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.

---

Section A is compulsory. All questions in Section A must be answered.

Attempt any four questions from Sections B, answering at least one question each from the two books you have studied and any two questions from the same books you have studied. The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ]

This paper contains 6 printed sides.

## SECTION A

**(Attempt all questions from this Section.)**

**प्र.1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए:-** [15]

(i) भारत में वर्तमान समय में संयुक्त परिवारों का चलन घटता जा रहा है। इस कथन पर अपने विचार प्रकट करते हुए बताइए कि इसके मुख्य कारण क्या हैं? आप किस तरह के परिवार में रहना पसंद करते हैं, संयुक्त अथवा एकल? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ii) विश्व में प्रतिवर्ष प्राकृतिक विपदाओं की घटनाएँ बढ़ती जा रहीं हैं। इन घटनाओं से मानव जीवन किस प्रकार प्रभावित होता है, इस पर प्रकाश डालते हुए अपनी आँखों देखी ऐसी ही किसी एक प्राकृतिक आपदा का वर्णन कीजिए। बताइए कि आपने किस प्रकार इसका सामना किया व किस प्रकार लोगों की मदद की? ऐसी आपदाओं को कम करने के लिए अपने कुछ सुझाव दीजिए।

(iii) 'वर्तमान शिक्षा प्रणाली बच्चों को भविष्य के लिए तैयार नहीं करती।' इस कथन के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार उचित तर्कों व उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करते हुए लिखिए।

(iv) प्रस्तुत कथन पर आधारित एक मौलिक घटना या कहानी लिखिए:-
'जिसकी रक्षा स्वयं ईश्वर करते हैं, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।'

(v) दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए अपने विचार प्रकट कीजिए, कोई घटना अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए:-



**प्र-2) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में पत्र लिखिए-** **[7]**

आपकी छोटी बहन का फैशन के प्रति आकर्षण बढ़ता जा रहा है। इसके कारण उसकी पढ़ाई और विद्यार्थी जीवन पर प्रभाव पड़ रहा है। उसे पत्र लिखकर पढ़ाई और विद्यार्थी जीवन का महत्व समझाइए तथा फैशन से दूर रहने की सलाह दीजिए।

अथवा

आपके बैंक के 'क्रेडिट कार्ड' द्वारा कोई अनधिकृत खरीदी (unauthorised transaction) हुई है जो आपके द्वारा नहीं की गई है। इस बात की सूचना देते हुए बैंक के अधिकारी को पत्र लिखिए। घटना की गंभीरता स्पष्ट करते हुए, मामले की पूरी जाँच-पड़ताल करने और इसके खिलाफ ठोस कार्यवाही करने का निवेदन कीजिए।

**प्र-3) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर यथासंभव अपने शब्दों में लिखिए:-**

राजस्थान का एक कस्बा है सिवाना। यह धार्मिक नगरी होने के साथ-साथ पर्वतीय इलाका है। उसी कस्बे में मनोहर नाम का एक विद्वान व्यक्ति रहता था। मनोहर कोई बहुत पढ़ा-लिखा व्यक्ति नहीं था, पर उसने जीवन की पाठशाला से अनुभव की वर्णमाला सीखी थी। मनोहर की उम्र पचपन वर्ष थी और उसका एक इक्कीस वर्षीय बेटा था विकास। विकास को भगवान का एक उपहार मिला हुआ था, वह थी उसकी मधुर आवाज। उसकी आवाज इतनी मधुर थी कि पिछले दो वर्षों में ही उसने अपने आसपास के लोगों के दिलों में गहरी जगह बना ली थी। विकास की गायिकी का नशा दिन ब दिन लोगों के दिलों पर छाता जा रहा था लेकिन इसके साथ एक और चीज बढ़ रही थी, वह था विकास का घमंड।

विकास जिस तेजी से सफलता के शिखर पर पहुँचा, उसकी दुगुनी तेजी से नीचे धरातल पर आ गया। विकास के रवैये ने उसके साथ काम करने वाले लोगों का भरोसा खो दिया था। अचानक से असफलता ने विकास को काफी हद तक निराश कर दिया था। विकास अपनी नाकामियाबी की वजह नहीं समझ पा रहा था। उसे यह पता

Pati's
ICSE ACADEMY

नहीं चल रहा था कि इतना अच्छा गायक होने पर भी वह असफल क्यों हो रहा है? आखिर क्या गलत हो रहा है? विकास की इस उदासी को उसके पिता मनोहर ने समझा। एक दिन मनोहर अपने बेटे विकास को एक पहाड़ के पास ले गया और विकास को पहाड़ पर अपने साथ चढ़ने के लिए कहा।

मनोहर और विकास दोनों पिता-पुत्र पहाड़ पर चढ़ने लगे। पहाड़ पर चढ़ने के लिए विकास ने अपने आप को झुका लिया और तेजी से ऊपर की ओर चढ़ने लगा। आधी दूरी तय करने के बाद मनोहर ने अपने बेटे विकास को रोका और कहा कि "आधी दूरी तो तुम झुक कर चले हो, अब अगली आधी दूरी तक तुम अपने शरीर को तान कर चलो। झुकना बिल्कुल मत।" विकास ने अपने पिता के कहे अनुसार चढ़ना शुरू किया लेकिन उसे शरीर तान कर चलने में परेशानी होने लगी। दो तीन कदम बढ़ाते ही वह पीछे की ओर गिरने लगा। मनोहर ने विकास का हाथ पकड़ा और गिरने से बचा लिया।

विकास ने अपने पिता से कहा कि, "शरीर को तान कर मैं ऊपर की ओर नहीं चढ़ पाऊँगा, झुक कर ही इस पहाड़ की चढ़ाई संभव है।" इतना सुनते ही मनोहर ने अपने बेटे विकास का हाथ पकड़ा और कहा कि "विकास! जीवन भी ऐसा ही है। अगर तुम्हें सफलता के पहाड़ पर चढ़ना है तो झुक कर चढ़ना होगा न कि तन कर, अकड़ कर । यह तुम्हारे लिए सीख है। तुम सोचते हो न कि तुम क्यों अपने जीवन में इतनी जल्दी असफल हो गए? इसका कारण यही है कि तुम में अहंकार आ गया था। तुम इसे अपनी व्यक्तिगत कामियाबी मानकर मन ही मन घमंड में अकड़ कर खड़े थे, जबकि तुम्हें झुकना और विनम्र होना चाहिए था। सफलता के पहाड़ पर चढ़ते समय भी झुक कर चढ़ना पड़ता है। झुकने का मतलब अपने आपको विनम्र, सौम्य, अनुशासित और कृतज्ञ बनाए रखना। सभी के साथ अच्छा व्यवहार करना। पर तुमने तो दूसरों को नीचा दिखाना आरंभ कर दिया। किसी के साथ सीधे मुँह बात तक करना बंद कर दिया। यहाँ तक कि वे लोग जो तुम्हारे गायन के प्रशंसक थे, तुमने उन्हें भी सम्मान नहीं दिया। यही तुम्हारी असफलता का कारण है। तुम लोगों की नज़रों से उतर गए। तुम्हें समझना चाहिए कि किसी भी व्यक्ति की सफलता उसकी व्यक्तिगत सफलता नहीं होती, उसके कुछ सहयोगी भी उसका कारण होते हैं। तुम्हें उन लोगों के प्रति हमेशा कृतज्ञ और विनम्र रहना होगा, जिनकी बदौलत तुम सफलता के शिखर की ओर बढ़ रहे हो। याद रहे जो झुक कर चल रहा है इसका अर्थ है कि वह ऊपर चढ़ रहा है और जो तन कर चल रहा है इसका मतलब कि वह जल्दी ही नीचे गिरने वाला है।"

विकास अपने पिता की बात समझ गया था, उसे अपनी असफलता की असली वजह पता चल गई थी। उसने अपने पिता की सीख अपनाने का निर्णय ले लिया।

(i) मनोहर और विकास का परिचय दीजिए। [2]

(ii) विकास में कौन-सा अवगुण बढ़ता जा रहा था? वह निराश क्यों हो गया था? [2]

(iii) मनोहर विकास को कहाँ ले गया? उसे पहाड़ पर चढ़ना मुश्किल क्यों लगने लगा? [2]

(iv) पिता ने विकास को उसकी असफलता का क्या कारण बताया? [2]

(v) प्रस्तुत गद्यांश से प्राप्त दो सीख लिखिए। [2]

प्र-4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार लिखिए -

i) 'शूर' की भाववाचक संज्ञा बताइए: [1]

a) शूरवान b) शौर्यता c) शौर्य d) शूरवीर

ii) 'आदर' का विशेषण बताइए: [1]

a) आदरवान b) आदरपूर्वक c) आदरसहित d) आदरणीय

iii) 'पुरातन' का विलोम बताइए: [1]

a) नवीन b) प्राचीन c) अनपुरातन d) सनातन

iv) 'तालाब' के पर्यायवाची बताइए: [1]

a) सर-तड़ाग b) सरोवर-वारिद c) पोखर-नद d) जलाशय-जलधर

v) 'स्वास्थय' का शुद्ध रूप बताइए: [1]

a) स्वास्त्य b) स्वास्थ्य c) सवास्थ्य d) स्वास्थ

vi) 'दौड़-धूप करना' मुहावरे का अर्थ बताइए: [1]

a) बहुत प्रयत्न करना
b) धूप में दौड़ना
c) तेज़ दौड़ना
d) भागना-दौड़ना

vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए : [1]

कश्मीर की सुंदरता <u>की उपमा नहीं दी जा सकती</u> है।
(रेखांकित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखकर वाक्य फिर से लिखिए।)

a) कश्मीर की सुंदरता अवर्णनीय है।
b) कश्मीर की सुंदरता दुर्लभ है।
c) कश्मीर की सुंदरता दर्शनीय है।
d) कश्मीर की सुंदरता निरूपम है।

viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए : [1]

महँगाई बढ़ती जा रही है। (वाक्य को भविष्य काल में परिवर्तित करके लिखिए।

a) महँगाई बढ़ गई है।
b) महँगाई बढ़ती जाएगी।
c) महँगाई बढ़ती जा रही थी।
d) महँगाई बढ़ सकती है।

Pati's ICSE ACADEMY

## Section - B

**(सूचना - किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।)**

**साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ**

प्र-5) "सेठ विस्मित-विमूढ़ हो गए। उन्हें निश्चय हो गया कि इन लोगों को यज्ञ खरीदना नहीं है, इसलिए ऐसी बातें की जा रही हैं।"

महायज्ञ का पुरस्कार - यशपाल

(i) सेठ का परिचय दीजिए। वे कहाँ और किन लोगों के पास गए थे? [2]

(ii) वे यज्ञ बेचने क्यों गए थे? [2]

(iii) किन बातों से उन्हें ऐसा लगा कि वे लोग यज्ञ नहीं खरीदना चाहते थे? वे लोग सेठ से क्या खरीदना चाहते थे? क्यों? [3]

(iv) सेठ वहाँ से खाली हाथ क्यों लौट आए? अंत में उन्हें किस कार्य का, क्या फल मिला? [3]

प्र-6) "ओह आप चुप न रहेंगे? मैं कहती हूँ, यह व्यर्थ का संदेह आप मन से निकाल दीजिए या मेरे लिए संखिया मँगा दीजिए। छुट्टी हो।"

संदेह - जयशंकर प्रसाद

(i) वक्ता और श्रोता कौन हैं? वे इस वक्त कहाँ हैं? उनके साथ और कौन है? [2]

(ii) श्रोता को वक्ता पर क्या संदेह है? इसके कारण उसकी मानसिक स्थिति कैसी है? [2]

(iii) वक्ता उसे चुप रहने या उसके लिए संखिया मँगवाने को क्यों कहता है? इस आधार पर वक्ता की स्थिति का वर्णन कीजिए। [3]

(iv) प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य लिखिए। [3]

प्र-7) "सब समझ में आ गया। मालिक, अगर पंचायत में आप भेड़िया जाति का बहुमत हो जाए तो?"

भेड़ें और भेड़िए - हरिशंकर परसाई

(i) वक्ता का परिचय देते हुए बताइए कि चुनाव कहाँ और क्यों होने वाला था? [2]

(ii) भेड़िए के सामने क्या समस्या आ गई थी? [2]

(iii) वक्ता ने भेड़िया जाति को पंचायत में बहुमत दिलाने के लिए क्या किया? [3]

(iv) अंत में चुनाव में भेड़िए की जीत दर्शा कर लेखक ने प्रजातन्त्र की किन कमियों को दिखाया है? चुनाव में हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? [3]

**एकांकी संचय**

प्र-8) "मैं कुमार के घर गई थी। वहीं उसकी मिसरानी ने मुझे बताया। सुनकर मैं शर्म से गड़ गई।"

संस्कार और भावना - विष्णु प्रभाकर

(i) वक्ता और श्रोता का परिचय दीजिए। मिसरानी ने वक्ता को क्या बताया? [2]

(ii) मिसरानी की बात सुनकर वक्ता क्यों शर्म से गड़ गया? [2]

(iii) मिसरानी ने वक्ता के सामने किसकी, क्या प्रशंसा की? वक्ता उससे क्यों नहीं मिला था? स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) माँ के चरित्र के आधार पर बताइए कि यह एकांकी समाज की किस समस्या पर आधारित है? आपके अनुसार इसे किस प्रकार दूर किया जा सकता है? [3]

Pati's
ICSE ACADEMY

प्र-9) "मुझे यह जानकर बड़ा दुख हुआ कि छोटी बहू का मन यहाँ नहीं लगा। दोष उसका नहीं, दोष हमारा है।

सूखी डाली - उपेंद्रनाथ अश्क

(i) वक्ता कौन है? उक्त वाक्य का संदर्भ दीजिए। [2]

(ii) 'छोटी बहू' किसके लिए कहा गया है? उसका मन वहाँ क्यों नहीं लगता? [2]

(iii) वक्ता इस बात से दुखी क्यों है? उसने ऐसा क्यों कहा कि छोटी बहू के मन न लगने में हमारा दोष है? स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) वक्ता ने छोटी बहू की समस्या किस प्रकार हल की? [3]

प्र-10) "तुम! तुम आए हो! अब क्यों आए हो? क्या चाहते हो? तुम राज्य चाहते थे, वह मैंने दे दिया। अब क्या लेने आए हो मेरे पास?

महाभारत की एक साँझ - भारत भूषण अग्रवाल

(i) वक्ता कौन है? वह इस समय किस अवस्था में है? [2]

(ii) श्रोता का परिचय देते हुए बताइए कि वह उसके पास क्यों आया है? [2]

(iii) वक्ता को श्रोता का उसके पास आना अच्छा क्यों नहीं लगा? वह किस राज्य की बात कर रहा है? क्या उसने वह राज्य स्वयं श्रोता को दिया था? स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) प्रस्तुत एकांकी की पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए बताइए कि इसमें एकांकीकार क्या दर्शाना चाहता है? [3]

CAICS Senior Section

Pati's ICSE ACADEMY

**Scan QR code** for Free Access to
500+ Prelim Papers across 20 subjects

